The House then adjourned for lunch at two minutes past one of the clock

The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock,

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

## THE INTERIM BUDGET (GENERAL) 2004-05

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Finance Minister will lay on the Table the Interim Budget (General) 2004-05 and Supplementary Demands for Grants (General) 2003-04.

THE FINANCE MINISTER (SHRI JASWANT SINGH): Madam, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) of estimated receipts and expenditure of the Central Government (Annual Financial Statement) for the financial year 2004-05 and Vote on Account (Interim Budget).

---

## SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL) 2003-04

I beg to lay on the Table a Statement (In English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2003-04 (February 2004).

---

## SHORT DURATION DISCUSSION

### **Unemployment problem in the country** (Contd.)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, let us continue with the Short Duration Discussion. Mr. Jothi to continue. He is not there. Mr. Virumbi.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Madam, the Short Duration Discussion that is going on is a topic which is agitating the entire nation. Unemployment and the population growth are two inseparable twins. In 1951 our population was 36 crores. Now, it has gone up to 103 crores. From 1960 to 1990, there is an enormous increase. If you look at the growth rate of India and China, in 1960, it was about 2.2 per cent. In 1990, the growth rate of population in China was one per cent, while

at 1.9 per cent. If you look at the decrease in the rate of growth of population, it has come down from 2.2 per cent to 1.9 per cent. This means, there is only a mere 0.3 per cent decrease in the rate of growth of population.

Madam, during the last decade, that is, from 1991 to 2002, the number of unemployed people has gone up by one million, that is, from 7.9 million to 8.9 million. The statistics, which I have quoted here, have been taken from the National Sample Survey, 57th Round. Then, employment growth actually fell from 2.7 per cent per year, in 1993-94, to 1.7 per cent, in 1999-2000, despite the five plus to six plus growth in GDP. Though the GDP has come up, it has not increased the job opportunities in commensuration with the GDP. Therefore, the GDP is there but the GNS is not there. The increased Gross Domestic Product has failed to create the Gross National Satisfaction. Madam, particularly when the job growth has decreased from 2.7 per cent to 1.7 per cent. In the first generation of reformation, it has become zero in the public sector. However, the private sector has done well to some extent. Otherwise, the unemployment scenario would have been much harsher than what we are seeing now.

The Gupta Committee, appointed, I suppose, by the Planning Commission, had opined that we had to develop the unorganised sector. I am not for that. I am for the development of the public sector units, as it had been mentioned in the Third Plan document. If you go through the Third Plan document, it clearly showed that the employment growth could be had in a satisfactory manner only when the modern industries are developed. But there is a difference between the Third Plan approach and the current approach. Even though the Gupta Committee had recommended the development of the unorganised sector, but it had also put a rider. What they say is that the unorganised sector, which they wanted to develop, should be in such a way as to sustain itself against the domestic and international competition. Therefore, even though the Gupta Committee had recommended to support the unorganised sector, to create the employment opportunities, they wanted to see that the unorganised sector should be in such a way that it is able to bear the onslaught of the domestic as well as international competition. Is it possible? What is the reality? The reality, now, is that the per capita food availability is only 370 gms. The food production is different from the staple food production. However, Staple food and cereals, when put together, are different. But if the cereals

are excluded from the total food production, the sharable food availability would be 370 gms, that is, more or less, seventy per cent of the actual need, according to the conclusion arrived at by the National Institute of Nutrition.

Now, what is the real situation the world over? In the wake of globalisation, free flow of capital is allowed in the modern economy. The modern economy, in the wake of globalisation and liberalisation, has approved the free flow of capital. The problem is not about the quantum of the money. The problem that they are now facing in the Foreign Direct Investment is the quality of the money. If you fail to go through the quality of money, which you are getting from other sources, you may have to face the trouble that Korea is already confronted with. If we receive volatile money, it means that in future we may have to face trouble. Therefore, the main issue is not the quantum of the money, but the quality of the money, which we are receiving from there. Madam, when the new economy is allowed the free flow of capital, the virtual ground reality is that they have banned the free flow of labour. They are not allowing the free flow of labour. But they are recommending for the free flow of capital. Then, how is it going to reach here? They are protecting their own interests. Now, the Service Sector has taken an important role in augmenting our foreign exchange reserves. In this Service Sector, the outsoucing is actually being banned, to some extent, not only by the State Governments of the U.S., but also by the Federal Government itself. But they say that outsourcing is actually banned only for the sub-contractors. But this is the beginning. Within a quinquennium you will find that major outsourcing will be stopped from the U.S. It is a warning bell for other nations. For U.K. and other countries, it is a warning bell. Madam, already there are two issues. The first issue is the banning of outsourcing. The second issue is that the sons of the soil theory, which originated in Germany is spreading to other countries of Europe. When it is so, our skilled labourers may have to confront with some sort of trouble when they go for jobs in foreign countries. I don't know whether we will be able to provide jobs to them. It is very difficult. Therefore, in this situation, automatically, the urban areas will be affected. If the urban areas are going to be affected, then, what about the rural areas? Migration is taking place from rural areas to urban areas because the agriculture-based agro-industries have not developed to the extent they ought to have. Therefore, migration from the rural areas to the

urban areas is taking place. In the urban areas, even the skilled workers are going to face the problem of unemployment. Actually, the unemployment problem creates a conducive atmosphere for terrorism. Unemployment problem is a breeding ground for that. Therefore, Madam, if there is skilled unemployment or educated unemployment, it means there is a very dangerous situation. If the educated people are unemployed, it means, there is a reason for that. I tell this to you with good intention. Hon. Minister, I myself spoke in this House to change the policy of taxation on cigarettes. Now, everybody knows in what way foreign cigarettes are invading the Indian market. It is obvious. Foreign cigarettes are coming. We are unable to prevent it from coming here. Regarding the Indian cigarette manufacturing, instead of excise duty based on length, if it were based on the quality of tobacco, our income would have increased to nearly Rs. 2,000 crores. But, nobody heeded to my suggestion. I am not in such a position as to give advice. I gave a suggestion. But my suggestion was ignored.

SHRI SATISH PRADHAN (Maharashtra): It is because you don't smoke.

THE DEPUTY CHAIRMAN: what is your advice? Do you want people to smoke?

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Madam, if the excise duty on cigarettes were based on the quality instead of the mere length, our income would have increased to Rs. 2,000 crores. I do not know which lobby has prevented it. Secondly, in the Railways, I want to tell you that in the name of scrap, thousands of crores are being wasted. We are wasting the people's money by inviting tender for 'scrap'. Instead of inviting tender for scrap, if it is added as a value-added item, then, it can give us a lot of money. Only three or four mills, re-rolling mills' for scraps have to be established by the Railway Department. If the Railway Department is actually struggling for funds, then, I would suggest that they can do it by having joint ventures with the people who have already entered in this industry. With that, you can find out that what we are selling for a few thousand crores of rupees as scrap, the same items, as value added product, can fetch us four thousand crores of rupees per year. So, if we add these two, *i.e.*, Rs. 4000 crores plus Rs. 2000 crores, our income would increase by approximately

Rs. 6000 crores. But we can only give the suggestion. ...(*Time-bell*)... We cannot give them the understanding power. But this would have actually created what is called the recycling process, where we have failed. We don't have any intentions to avail of the opportunity ...(*Time-bell*)...Madam, I would take only two minutes more. We have failed to avail of the opportunity. Since such a thing has not happened, I feel, Madam, we have less capital with us. The foreign exchange reserve is there. It should be utilised in a productive way. Instead of keeping it idle, it should be utilised in a very productive way. If it is utilised in a productive way,I hope it will give more income than what we are getting as interest. Madam, we are having less capital. Therefore, we have less investment. Less investment means less production;less production, less profit; less profit, less savings; less saving means less investment. It becomes a sort of vicious circle. To break that circle, we need not go in for any innovation. We have to think as to how we have to break it. That is all. Within the domestic domain, we can do it. In that case, what I feel is, investment is necessary. For getting investment, either domestic or foreign, the peaceful atmosphere in the country is a must. The people who want to invest here would like to know whether the country in which they are going to invest is stable, whether the country is peaceful. To create such an atmosphere, to get the FDI, there should be peace in the country. In order to have a peaceful atmosphere in the country, social harmony is necessary. For social harmony, what I feel is that the religious tolerance is essential.That is a very important issue. There is a fight on that issue. The cultural conflict, hate campaign is going on. We have to see that this cultural conflict is stopped once and for all. Then, automatically, religious harmony would be there, peaceful atmosphere would be there. As a result of it, the people who want to invest money will come forward and really invest. Thereby, industries can develop, and, consequently, we can create more opportunities for employment, and we can provide some jobs to the youths. I hope the Government will consider this with full earnestness.

With these words, I conclude my speech. Thank you, Madam.

**श्री सतीश प्रधान:** उपसभापति महोदया, हम अनइम्प्लॉयमेंट के बारे में, बेरोजगारी के बारे में यहां बात कर रहे हैं। महोदया, पिछले चुनाव के समय प्रधानमंत्री जी ने और हम सभी लोगों ने यह कहा था कि हम पूरी कोशिश करेंगे कि देश में बेरोजगारों की संख्या कम से कम हो। उस समय

बहुत सारे आश्वासन दिए गए थे। अभी हम फिर से चुनाव का सामना करने के लिए जा रहे हैं। हमारी कोशिशों का लेखा-जोखा जनता के सामने आएगा, जनता उस बारे में चर्चा करेगी, जनता हमसे भी पूछेगी और सबसे उस बारे में पूछेगी।

महोदया, यह मानना पड़ेगा कि बेरोजगारी के मामले में देश की परिस्थिति बहुत गंभीर है और इसका कारण है शुरू से अभी तक इस विषय में किया गया नियोजन। उस नियोजन में क्या-क्या गलतियां हुईं, उन्हें ढूंढने का समय यही है और जब तक हम उसे दुरुस्त नहीं करेंगे, तब तक मेरे ख्याल से बेरोजगारी की समस्या को हम हल नहीं कर सकेंगे, हम उससे बाहर नहीं निकल पाएंगे। प्लानिंग कमीशन के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि हमारा आर्थिक सुधार बहुत अच्छा हुआ है और अच्छी मात्रा में हुआ है। 1983 और 1993 के दौरान जो 5.2 की गति थी वह 1993—2000 में इतनी अच्छी 6.7 हो गई और अब हम उससे भी थोड़ा आगे हैं। लेकिन इसके साथ-साथ में हमारी आर्थिक बढ़ोत्तरी होते हुए भी देखें कि हमने क्या रोजगार में कुछ तरक्की की है? अगर वहां देखने की कोशिश करें तो पता चलेगा कि 1983 और 1993 में 2.7 प्रतिशत थी तो रोजगार में हम 1.08 तक नीचे चले गए। तो इसका मतलब है कि जिस ढंग से हमारी आर्थिक बढ़ोत्तरी हुई थी वह होने के बावजूद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य में हम असफल रहे हैं। मैं इसका मतलब ऐसा नहीं समझता हूं कि रोजगार उपलब्ध नहीं हुए या प्रधानमंत्री जी ने जो आश्वासन दिया था या वचन दिया था वैसा नहीं हुआ। रोजगार तो उपलब्ध हुए, लोगों को रोजगार मिला फिर भी हमारे यहां जिन लोगों को रोजगार आवश्यक था उन सब लोगों को हम रोजगार नहीं दे पाए। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि बेरोजगारी का परसंटेज देखें खासकर युवा वर्ग के जो 15 से 29 वर्ष के हैं तो वहां भी 11 प्रतिशत महिलाओं का परिमाण उससे बहुत कम हो गया अर्थात 10.6 परसेंट हो गया, यह ग्रामीण विभाग की परिस्थिति है। महाराष्ट्र की परिस्थिति सबसे ज्यादा चिंतनीय हो गई है। महाराष्ट्र में पुरुष बेरोजगारी की संख्या 11.3 प्रतिशत थी और महिलाओं की 8.9 प्रतिशत, कुल मिलकर 10.4 प्रतिशत है। ऐसी परिस्थिति महाराष्ट्र के ग्रामीण विभाग की हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में महाराष्ट्र में पुरुषों की परिस्थिति 15.6 प्रतिशत की थी और महिलाओं की 21.1 प्रतिशत, मतलब 16.5 प्रतिशत इतनी बेरोजगारी की संख्या बढ़ गई है। तो यह बहुत चिंताजनक परिस्थिति निर्माण हो गई है। मैंने शुरू में कहा था कि जो हमें आवश्यक व्यवस्था करने की जरूरत थी उस पर हमने ध्यान नहीं दिया वह प्रशिक्षित बेरोजगारों के बारे में है। मैडम, पूरी दुनिया में भारत के पास प्रशिक्षित एम्प्लोइज की परिस्थिति 5.35 प्रतिशत है। जो बोत्सवाना जैसा छोटा सा देश है वहां की परिस्थिति 22.42 प्रतिशत है। मेक्सिको में 27.58 प्रतिशत है। केनेडा में 78.11 प्रतिशत, जापान मे 80.39 और कोरिया में 95.86 है। इसका मतलब साफ-साफ है कि हमारे पास जो बेरोजगार लोग हैं उनको प्रशिक्षित करने की व्यवस्था बहुत कम है। ऐसा प्रावधान नहीं है। हमारे प्लानिंग कमीशन को इस विषय पर सतर्क होकर जो व्यवस्था करने की आवश्यकता थी उस पर वे कम पड़ गए।

अभी हम सब लोग इन्फारमेशन टेक्नालाजी के बारे में जिक्र कर रहे हैं। हमारे यहां बेकार लोग बहुत हैं, लेकिन इन्फारमेशन टेक्नालाजी में बहुत लोगों की आवश्यकता है। मैं अभी यहां इस विषय पर श्री विरुम्भी जी से बात कर रहा था, उनके हाथ में अखबार था तो अखबार में से मैंने एक पेज ले लिया जो सप्लीमेंट हैं, हिन्दुस्तान टाइम्स का बीच का पेज है, उसको देखा तो पता चला कि 1450 जॉब उपलब्ध हैं। उसमें 625 फ्रेश कम्प्युटर एक्जीक्यूटिव, 150 टेक्नीकल सपोर्ट एसोसिएट्स 425 फ्रेश टेलीकॉलर्स और 250 एमसीए/सीसीए ऐसे सब लोगों की जरूरत है, ऐसे करीब 6500 कॅंडीडेट्स की और वहां आवश्यकता है।

मैं परसों अपने दोस्त के साथ बैठा था और ऐसे ही बात कर रहा था तो उसने मुझे कहा कि टाइम्स आफ इंडिया का परसों का अखबार निकाल लीजिए, दो दिन पहले वाला और उसमें देखिए। उसमें देखकर उसने बता दिया कि कहीं 8000 लोगों की आवश्यकता है, कही 6000 लोगों की आवश्यकता है, कहीं 4000 लोगों की आवश्यकता है और लोगों को जरूरत हैं, इतने सारे जॉब्स हैं। इन्फारमेशन टेक्नालाजी में, सर्विस सेक्टर में काफी बड़ी तादाद में लोगों की आवश्यकता है। लेकिन उनको लोग नहीं मिल रहे हैं। हमें इस पर सोचने की जरूरत है कि आगे कहां-कहां, कौन-कौन से जॉब निर्माण होने वाले हैं, जैसे इन्फारमेशन टेक्नालाजी में हो रहे हैं।

मैं पुराने जमाने की एक छोटी सी बात बताना चाहता हूं। हमारे यहा सब जगह पर इंडस्ट्रियलाइजेशन हो रहा था तो इंडस्ट्रियलाइजेशन शुरू होने पर सभी लोगों को वहां इंडस्ट्री के लिए अच्छे तकनीकी ज्ञान वाले लोगों की जरूरत थी। सब लोगों ने क्या शुरू किया सबने कहा कि आईटीआई की जरूरत है। आईटीआई शुरू की गई और आईटीआई में कौन से कोर्सेज शुरू किये जिसकी इंडस्ट्रीज को जरूरत है वे कोर्स शुरू नहीं किये बल्कि आईटीआई शुरू करके वहां टर्नर और फिटर के जाब निर्माण करने शुरू कर दिये। बस उधर ही समाप्त हो गया। उसके बाहर जाकर लोगों को इंडस्ट्रीज के लिए कौन-कौन से किस्म के, कैसे-कैसे काम होंगे और उसका तकनीक हासिल करने के लिए जॉब क्रिएशन के लिए कुछ प्रावधान करने की आवश्यकता है। वहां हमने ध्यान नहीं दिया। अभी भी वैसा ही हो रहा है कि हम इन्फोरमेशन टेक्नालाजी में बहुत आगे बढ़ चुके हैं और अमेरिका में भी उस विषय पर उन्हें कई बार हमारे ऊपर निर्भर होना पड़ता है। यह सब हो गया लेकिन उसके साथ-साथ में बाकी हमारे यहां उसके असर से कौन-कौन से जाब का निर्माण होने वाला है। उसका अभ्यास करके, उसके लिए प्रावधान करने की आवश्यकता है और उसके लिए हमारी शिक्षा में परिवर्तन करने की आवश्यकता थी और इस विषय पर हम कम पड़ गये और इसके कारण ऐसा है, इसीलिए अभी अखबार में पांच हजार, छह हजार, दस हजार जाब के लिए जगह खाली है लेकिल जाब नहीं मिल रहे हैं और दूसरी तरफ लोग मारे-मारे फिर रहे हैं कि मुझे जॉब चाहिए, मुझे जॉब चाहिए, मुझे नौकरी चाहिए, मुझे काम चाहिए। भगवान ने मुझे दो हाथ दिये हैं, मैं काम करने लायक हूं। आपके एजुकेशन सिस्टम में से कोई ग्रेजुएट बन गया या दसवीं, बारहवीं

पास करके बाहर निकला और बाहर निकलने के बाद में उसको जॉब नहीं मिलता हैं, काम नही मिलता है तो यह ठीक नहीं होगा। इसमे परिवर्तन करने की आवश्यकता है। इस विषय पर ध्यान देकर आगे बढ़ने की जरूरत है। इतना ही मुझे कहना है। मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि आप के अख्तियार में या शिक्षा मंत्री जी के अख्तियार में इस विषय पर जो भी आप कुछ कर सकते हैं वैसा आगे करने के लिए विचार करें। धन्यवाद।

**श्रीमती सरोज दुबे:** माननीय उपसभापति महोदया, मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। हम लोग बेरोजगारी की ज्वलंत समस्या पर विचार कर रहे हैं। आज देश का रोजगार परिदृश्य इतना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कि यह एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। यह चुनौती शहरों की अपेक्षा गांव से अधिक है। में जहां कि देश की 65 प्रतिशत आबादी रहती है। अप्रैल, 2003 को मंत्री जी ने स्वयं स्वीकार किया था कि रोजगार के कार्यालयों में बेरोजगारों की संख्या 4.07 दर्ज है और यह भी स्वीकार किया था कि बड़ी संख्या मे रोजगार समाप्त होते जा रहे हैं। ये तो वे आंकड़े हैं जो रोजगार के दफ्तर में दर्ज हैं। आज भी करोड़ों नौजवान बेरोजगार होकर सड़कों पर घूम रहे हैं। वे रोजगार कार्यालय में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाते क्योंकि रोजगार कार्यालय में नाम दर्ज कराने के लिए पैसे की जरूरत होती है और गरीब आदमी पैसा नहीं दे पाता है। छोटे और कुटीर उद्योग भी आज गलत नीतियों के कारण, भूमंडलीकरण के कारण धीरे-धीरे करके दम तोड़ते चले जा रहे हैं। पिछले दो दशकों पर अगर दृष्टिपात करें तो 1983 और 1994 के 11 वर्षों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि दर 2 प्रतिशत थी और 1994 से लेकर 2001 में वह घटकर 0.98 प्रतिशत रह गयी। यह बेरोजगारी की विभीषिका समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर रही है। सरकारी आंकड़े हाल के वर्षों में संगठित क्षेत्र में भी रोजगार की गिरावट दर्शा रहे हैं। अभी हमारे माननीय सदस्य ने एक लंदन की पत्रिका का जिक्र करते हुए कहा था कि रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है और लाखों की संख्या में रोजगार सृजित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि यह आपके आंकड़े हैं तो बताइए कि रोजगार के अवसर कहा सृजित हो रहे हैं? आज नौजवान मारा-मारा घूम रहा है। जो कम्पनियों में काम करता था, फैक्ट्री में काम करता था, उसको आपने निकाल दिया। नए रोजगार के अवसर सृजित नहीं हो रहे हैं और जो हर साल डिग्री लेकर निकल रहे हैं, उनके लिए रोजगार का कोई इंतजाम नहीं है। यह जो बेरोजगारों को बढता हुआ हुजूम है, इसको देखने के बाद भी अगर आप उस तरह के आंकड़ों का यहां सदन में बयान करते हैं तो बात बर्दाश्त के बाहर हो जाती है क्योंकि असलियत को देखकर चलना चाहिए। आप यह नहीं जानते कि बेरोजगारी का हुजूम एक दिन देश में बहुत बड़ी अशांति पैदा कर देगा। बाजार में बढ़ती होड़ के मद्देनजर तमाम बड़ी कम्पनियां कर्मचारियों की संख्या घटाने में लगी हुई हैं। विडम्बना यह है कि जिन क्षेत्रों में नौकरियों की आशा की जाती थी, वहां भी नौकरियां घट रही हैं। देश के सबसे बड़े नियोजक भारतीय रेल में लगातार नौकरियों के अवसर घटते चले जा रहे हैं।

रेलवे में 1990 में कर्मचारियों की संख्या 18 लाख थी और अब वह घटकर 15 लाख हो गयी है और आप कहते हैं कि नौकरियां बढ़ती चली जा रही हैं। लालकिले से प्रधानमंत्री **(समय की घंटी)**

**उपसभापति:** आपके पांच ही मिनट हैं।

**श्रीमती सरोज दुबे:** अभी तो दो मिनट भी नहीं हुए हैं।

**उपसभापति:** हो गए हैं। अभी लालू जी भी बोलेंगे।

**श्रीमती सरोज दुबे:** लालकिले से प्रधानमंत्री जी ऐलान करते हैं कि एक करोड़ लोगों को नौकरी देंगे और दुबारा कह देते हैं कि हमसे कोई नौकरी न मांगे। यह जो एक चुनौती हमारे सामने है...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल** (उत्तर प्रदेश)**:** यह कब कहा?

**श्रीमती सरोज दुबे:** यह भी कहा।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** आपसे कहा होगा।

**श्रीमती सरोज दुबे:** हमसे क्यों कहेंगे? सब जगह कहा है। अपने वायदे से मुकर गए। मामला अधर में चला गया। ...**(व्यवधान)** अच्छा, दे दीजिए एक करोड़ लोगों को नौकरी हमें कोई ऐतराज नहीं है। चलिए दिलवा दीजिए। दिलवाइए, इंतजाम कीजिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** अभी दिखाएंगे।

**श्रीमती सरोज दुबे:** दिखा दीजिएगा। गलत आंकड़ा लंदन से ले आइए न। राष्ट्रपति बुश के यहां से आंकड़ा मंगा लीजिए और यहां पढ़ दीजिए कि देश में बहुत नौकरियां हैं।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** लंदन वाला कोई बीजेपी का सदस्य नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती सरोज दुबे:** केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गुपचुप तरीके से क्लर्कों की भर्ती पर रोक लगायी गयी है ताकि क्लर्कों की भर्ती न हो यह तो सामान्य वर्ग का आदमी है, यह सड़क पर ही घूमता रहे। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र को अगर हम देखते हैं तो बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण बड़ी कम्पनियां/कर्मचारियों की संख्या घटा रही हैं। टाटा स्टील कम्पनी ने कर्मचारियों की संख्या दस साल के मुकाबले में आज आधी कर दी है। बजाज आटो ने कर्मचारियों की संख्या में सात वर्ष के अंदर 42 प्रतिशत की छंटनी कर दी। महेन्द्रा ऐंड महेन्द्रा ने पांच साल में करीब 34 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर दी। मैं यह जानना चाहती हूं कि आज जो देश में बेरोजगारी फैल रही है, उसके बारे में सरकार की कुम्भकरणी नींद कब खुलेगी? कब तक ये बेरोजगारी की दशा में घूमते रहेंगे। आज ग्लोबलाइजेशन का सबसे बड़ी शिकार महिलाएं हो रही है। ग्लोबलाइजेशन

का मतलब है महिलाओं का गरीबीकरण। कार्यकुशलता के नाम पर महिलाओं को नौकरी से निकाला जा रहा है। महिलाओं के हित में कानून बने हैं लेकिन आप कहीं भी देखें, व कहते हैं कि महिलाओं को कौन रखे, इनके साथ बड़ा बवाल है। महिलाओं को रोजगार से निकाला जा रहा है। ...(व्यवधान)... मैडम, मैं सच कह रही हूं।

उपसभापति: वह ग्लोबलाइजेशन के कारण नहीं है, वह तो हमेशा से ही ऐसी ही सोच है।

श्रीमती सरोज दुबे: लेकिन अब ज्यादा हो रहा है। पहले भी यह था ...(व्यवधान)... लघु उद्योग में महिलाएं बुक बांइडिंग और पैकिंग वगैरह तमाम काम करती थी लेकिन अब सब निकाल दिया गया क्योंकि ये सब बड़े उद्योगों में चले गए हैं। छोटे उद्योगों को बड़े उद्योगों में शामिल कर दिया गया है, तो सबसे ज्यादा आघात महिलाओं को हुआ है। आज श्रम के बाजार में आप सुबह चौराहे पर चले जाइए, श्रम के बाजार में मजदूर हाथ लिए खड़े हुए हैं कि मुझसे कोई काम ले लो, मेरा श्रम कोई खरीद लो। कोई खरीददार नहीं मिलता है जिसका नतीजा यह होता है कि एक मां को अपना बच्चा बेचना पड़ता है। उड़ीसा में अभी एक माह की बच्ची को केवल दस रुपए में उसकी मां सुमित्रा बोरा ने बेचा है। दस रूपए में एक मिनरल वाटर की बोतल आती है और दस रूपए में एक बच्ची बेची जाती है क्योंकि सुमित्रा बोरा के पास अपनी बच्ची को खिलाने के लिए महीनों से पैसा नहीं था, इसलिए उसने उसे बेच दिया। यही कोरापुट का हाल है, यही क्योंझर का हाल है, और तमाम जगहों में क्या हो रहा है कि बुनकर आत्महत्या कर रहे हैं क्योंकि वे कर्जदार हैं, उनके पास काम नहीं है। किसान इसलिए परेशान है कि उसको लागत का दाम नहीं मिल रहा है और खाद, पानी, बिजली - सब चीजें उसको महंगी दी जा रही हैं। किसान परेशान है और शहरों की तरफ पलायन कर रहा है। अफसोस की बात यह है कि आठ साल का एक बच्चा ....... अभी हमने एक जगह पूछा तो आठ साल का बच्चा नौकरी करता है तब उसका परिवार खाना खाता है। वह ठंड में ठिठुरते हुए काम कर रहा था ढाबे में। कहने लगा कि हमारी मां बीमार है, हमारे बाप को काम नहीं मिल रहा है, हमारे तीन छोटे भाई-बहन हैं। हम सब शाम को दस रुपए ले जाते हैं तो सबको आधा पेट खाना मिलता है। यह इस देश का दुर्भाग्य है और देश के खाद्यान्न के अन्न भंडारण में अनाज सड़ रहा है लोग भूखे मर रहे हैं और आप कहते हैं 'फील गुड'? इनके अध्यक्ष कहते है कि नमस्ते मत करो, फील गुड करो। हम कहते हैं कि फील बैड करो और शर्म से डूब मरो क्योंकि इस देश के लोग बेरोजगार हो रहे हैं और भूखे मर रहे हैं। लड़कियां बेची जा रही हैं और...

उपसभापति: लड़के नहीं बेच रहे हैं तो लड़की को क्यों बेच रहे हैं?

श्रीमती सरोज दुबे: लड़कियों को ही बेच रहे हैं। लड़कों को नहीं बेचते हैं क्योंकि शायद गरीबी में भी लड़के और लड़की में भेदभाव किया जाता है।

**श्री संघ प्रिय गौतम:** राजा हरिशचन्द्र को कालिया मेहतर ने खरीदा था।

**श्रीमती सरोज दुबे:** अरे कहां उस युग में पहुंच गए हो? अपना कलियुग देखो। अपने कलियुग में देखो हरिशचन्द्र के युग में कहां जा रहे हो?

**श्री राजीव शुक्ला:** (उत्तर प्रदेश) सरोज जी, चचा की नौकरी लग गई है।

**श्री सरोज दुबे:** हां, उनकी नौकरी लग गई है इसलिए उन्हें कोई गम नहीं है। मैडम, महिलाओं के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाया गया था। वह भी ठेकेदारी का शिकार हो गया है। गांव की अनपढ़ महिलाओं में इतनी समझ नहीं है कि वे ग्रुप बना लें। वहां ठेकेदार पहुंच गए हैं। वे ठेकेदार ही ग्रुप बना रहे हैं और महिलाओं को दिन भर काम देते हैं और दस रूपए दे देते हैं। दस रूपए में महिलाएं काम करती हैं और हल्ला मचा हुआ है कि सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाया है, महिलाएं स्वावलम्बी हो गई हैं, महिलाएं बचत कर रही हैं, इसका नाम सेल्फ हेल्प ग्रुप है। हमने खुद जाकर जयपुर में, आंध्र में देखा कि ठेकेदार इसको चला रहे हैं। एक बुजुर्ग महिला दस घंटे काम करती है और सात रूपए उसको मिलते हैं। ये ठेकेदारी की बात करते हैं, ये रोजगार की बातें करते हैं और इधर सत्ता में रहते हैं। ...(**समय की घंटी**)... बस, खत्म कर रही हूं। हम इनसे यह मांग करते हैं कि सबको बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए और महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण रोजगारों में करना चाहिए। हर कार्यालय को ये निर्देश होने चाहिए कि वह कम से कम तीस प्रतिशत महिलाओं को जरूर काम दे ताकि वे परिवार पाल सकें और इज्जत से रह सकें। मैं बस एक वार्निंग देना चाहती हूं कि ये हाथ हैं। ये कुशल हों या अकुशल लेकिन ये काम चाहते हैं। अगर इनको काम नहीं दोगे तो ये हाथ बंदूक उठाएंगे। ये ज्यादा दिन नहीं देख सकेंगे कि आप मंत्री बनकर गुलछर्रे उड़ाते रहो, ऐशो-आराम से रहते रहो, कोठी-बंगलों में, एयरकंडीशन्ड बंगलों में घूमों और वह गरीब बेरोजगार आदमी योग्यता लिए हुए अपनी बहन की शादी न कर पाए, अपने मां-बाप का इलाज न करा पाए, अपने बच्चे का पेट न भर पाए, वह बंदूक उठा लेगा और तुम्हारी कुर्सियों को बिल्कुल जर्जर कर देगा। इसलिए समय रहते हुए लोगों को रोजगार दे दीजिए, लोगों को भुखमरी से मारने की कोशिश मत करिए। इसलिए यह फील गुड का सपना जो देख रहे हैं, किसी का बच्चा भूखा मर रहा है, आप फील गुड की बात कर रहे हैं किसी को रोजगार नहीं मिल रहा है, आप फील गुड की बात कर रहे हैं। इसलिए इसे भूल जाइए और रोजगार की तरफ ध्यान दीजिए। टास्क फोर्स गठित कर देने से कुछ नहीं होगा। अमेरिका की चमचागिरी छोड़कर, उदारीकरण का सपना देखना भूलकर आप जरा इस देश के हाथों को देखिए और इन हाथों को रोजगार दीजिए ताकि यह देश तरक्की कर सके, धन्यवाद।

**उपसभापति:** बी.पी.सिंहल साहब, आपको जवाब देना पड़ेगा। महिलाएं बिक रही हैं उस सिलसिले में।

SHRI B.P. SINGHAL: Madam, I am grateful that you gave me the opportunity to share my thoughts. First and foremost, I would like to respond to ...*(Interruptions)* Mr. Virumbi has gone away. He advocated that peace generates jobs. That is exactly what our hon. Prime Minister has done. He has brought about peace with the prepetually inimical neighbour, Pakistan. The goodwill generated in Jammu and Kashmir, the containment of terrorism there, the containment of terrorism in North-East, they are all efforts for peace. The trouble is ...(*Interruptions*). BJP never coined the phrase 'feel-good'. It was the media that caused it. And now, they are feeling hurt about it. They want to feel that all along. They are morbid. They just do not want this country to be looked after. Sarojji talked about 'feel-good' factor. "The feel good factor comes from where. Where are the jobs? Mr. Lalit Mehta read out the Report of the London School of Business, saying that 17million jobs have been created in 2003 alone in India. I was quite baffled. Even more baffling is the assertion of the Opposition that no jobs have been created. There are no figures to justify that at least. They may, perhaps, be having some figures, because London School of Business is not a member constituent of the BJP. They examined the conditions of 40 countries and came out that the second biggest generator of jobs is India, first is China. That is what they said. Anyway, my main contention is wherefrom the jobs come? Madam, 25-30 thousand gas connections were given. Mr. Ram Naik asked, "What is the maximum you can give"? They said, "one lakh". He said. " I want ten lakh gas connections to be given". It is impossible, Madam. But, it was made possible. Now, ten lakh gas connections have been given. Will that be possible with the same infrastructure? Naturally, jobs had been created. Two-and-a-half crore extra telephones have been provided in the country. So many new jobs have to be created. He has created new jobs. There is no queue for gas connection.

SHRI PREM CHAND GUPTA (Bihar): Do you mean to say that he extracted more gas? Did he go there to pump out. ...(*Interruptions*)

SHRI B.P. SINGHAL: Don't discuss things just for the sake of discussion. Rupees 70,000 crores have been lifted by the kisans in the form of credit. Do you think they are doing it for themselves? They must be creating jobs for some people who are going to work on their farms. Fifteen thousand kilometres of road has been created. Will that be done without a job being created? Rupees sixty thousand crores have been earmarked for Pradhanmantri Sadak Yojna. It can't create jobs. That will

not create jobs. This is until the jobs got created. Crores of rupees of loans have been granted for MBA studies, for engineering studies and for MBBS studies by the banks. They are granting loans. You study and qualify. When you start earning, you pay back. Crores of rupees have been granted. In garment industry and business industry, I just read it in the Business Standard, the U.S. companies have thrown in their towel. They can't compete with India. The outsourcing of services, of course, in IT sector. Export of software went up from Rs. 2,000 crores to Rs. 10,000 crores in 2002. Is it possible without creating jobs?

**श्रीमती सरोज दुबे:** ऐसी ट्रेनिंग बड़े घर के लड़के ले सकते हैं। गरीब घर का लड़का ऐसी ट्रेनिंग नहीं ले पाता। ...(**व्यवधान**)....

**उपसभापति:** सरोज जी, आप सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... सरोज जी, ये मिनिस्टर तो नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... लेट हिम स्पीक, मैं बाद में ध्यान आकर्षित करुंगी। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे:** मैडम, समय कम था इसलिए मैं ये बातें नहीं बोल पाई। ...(**व्यवधान**)... ये किसको ट्रेनिंग दे रहे हैं? ये बड़े लोगों के लड़कों को दे रहे हैं। किसान, मजदूर के बेटे के लिए कोई ट्रेनिंग की व्यवस्था नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** बैठिए, बैठिए। देखिए, वन मिनट ...(**व्यवधान**)... मेरी यह समस्या है कि यदि यह डिसकशन खत्म हो तो इसके बाद रेलवे बजट शुरू हो। कृपया अगर आप टोका-टाकी न करें तो मैं इसे जल्दी खत्म कर दूंगी।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम, सरोज जी ने जैसा कहा कि मैं 1993 में विवेकानन्द जी की सैंच्युरी सेलिब्रेशन में गया था। वहां गया न्यूयार्क में, लॉस एंजिल्स में देखा कि वहां बहुत-से लोग टोप लिए खड़े थे, सैकड़ों खड़े थे, पूछा कि यह क्या है, बोले कि ये भिखमंगे हैं, अगर ये भिखमंगे हैं तो अमरीका तो टोटली अनडेवलेप्ड है। किसी भी सोसायटी में there will be beggars; there will be people who are deprived. कारण क्या है? कारण बताता हूं क्योंकि ये जॉब्स या समृद्धि पैसे से नहीं आती है, पुरुषार्थ से आती है। हमने इस देश में शुरू से ही सबको यह आश्वासन दिया कि गवर्नमेंट वेलफेयर गवर्नमेंट है, सबका भला करेगी। हर आदमी ने सरकार की तरफ देखना शुरू कर दिया। हमारा भला कर दो, चाहे हम कुछ करें या न करें। इस देश में पुरुषार्थहीनता दिखाई गई है। That is where the main error is. कोई भी दिशा नहीं मिलती। आज हमारे देश को सबसे बड़ा अभिशाप यह है कि हमारे देश में युवा दिशाविहीन है। मैं आपको बताता हूं कि मैंने हाई स्कूल में अपने मन में सोचा कि मैं क्या चाहता हूं और उस आधार -पर ...(**व्यवधान**)...

**श्री लालू प्रसाद** (बिहार)**:** अयोध्या में जाकर ...(**व्यवधान**)... मस्जिद गिरवाने में ... (**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** बैठ जाइए, बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए आपका नम्बर नहीं है, आपको चांस मिलेगा ...(**व्यवधान**)... आपको चांस मिलेगा बैठ जाइए . ..(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** लालू जी, बोलने दीजिए, मेरा समय जा रहा है।

**श्री लालू प्रसाद:** मैडम, ये देश के युवाओं को चार्ज कर रहे हैं कि दिशाविहीन हैं ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** ऐसे कैसे बोलेंगे ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** आप बोलिए।

**श्री लालू प्रसाद:** युवा पीढ़ी को दिशाविहीन आपने बनाया ...(**व्यवधान**)... अयोध्या के नाम पर नाश कर दिया ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** लालू जी, Please, sit down. आप बोलने दीजिए न, उनका समय है।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** चले जाइए स्कूलों में। मैं दो लाख लड़कों को, बच्चों को एड्रेस कर चुका हूं और उनसे पूछता हूं कि क्या बनना चाहते हो? हाथ उठाओ, किस-किस ने तय किया है? लालू जी, चार, छह हाथ उठते हैं। पता ही नहीं है कि उन्हें कहां जाना है। मैंने हाई स्कूल में तय कर लिया था कि मैंने पुलिस में जाना है।

**श्री जीवन राय:** (पश्चिमी बंगाल) आपने क्या किया?

**उपसभापति:** अच्छा आप बैठिए You have made your speech. Do not interrupt, please. I have to run this House properly. Let him finish so that I can call another person. *(Interruptions)* Please.

**श्री लालू प्रसाद:** सब पुलिस वालों को इन्होंने डिसमिस किया।

**श्री जीवन राय:** अभी दो रोज और हैं।

**उपसभापति:** दो रोज के बाद देखा जाएगा।

**श्री लालू प्रसाद:** मैडम, सरकार ने पुलिस में जो बहाली की थी, इन्होंने हजारों पुलिस वालों को डिसमिस करके रोजगार छीना।

उपसभापति: बोलिए, बोलिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** बैठिए, बैठिए। वे सब पैसे से बनाए गए थे। मैडम, मैं कह रहा था कि मैंने हाई स्कूल में तय कर लिया था कि मुझे पुलिस सर्विस में जाना है और उसी आधार पर अपने फिजिकल, इंटेलेक्चुअल, मोरल, स्प्रिचुअल डेवलेपमेंट को मैंने शुरू किया। कोई ताकत मुझे आई॰पी॰एस॰ बनने से नहीं रोक सकती थी। क्यों? क्योंकि मैं योग्य बन गया था। योग्य बनने पर कोई प्रेशर ही नहीं है। योग्य बनो तब कामना करो। यहां तो कामना करो बाकी सरकार करेगी। यह कोई तरीका है जीने का? यह तरीका नहीं चलेगा। जब तक यह तरीका चलेगा तब तक बेरोजगारी की समस्या को कोई नहीं मिटा सकता है। दूसरी बात ...(व्यवधान)...

**श्री लालू प्रसाद:** इलेक्शन में यह बात कहना।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैं हर जगह कहता हूं। इलेक्शन में भी कहता हूं लालू जी। मैं किसी से संकोच नहीं करता क्योंकि अगर देश को उठाना है तो हर बच्चे को, हर देशवासी को उठना पड़ेगा, पुरुषार्थी बनना पड़ेगा इसलिए मैं उनसे कहता हूं। मैडम, असली मुसीबत कहां है। मुझे छह साल होने को आएं मैं जब एम॰पी॰ बना था तो मुझे एक अच्छे स्टेनोग्राफर की जरूरत थी। जुलाई में मुझे छव्र साल पूरा होने का है और मुझे मिला नहीं है।

**श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल):** कम्प्यूटर इस्तेमाल कीजिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** दीपांकर जी, नहीं मिल रहा है। हो तो दे दो, अब भी ले लूंगा। हम तो डोमेस्टिक सर्वेन्ट हैं। हमारे दर्जनों मित्र डोमेस्टिक हैल्प चाहते हैं। उन्हें नौकर मिल नहीं रहे हैं। अभी प्रधान जी ने बताया, जॉब देने वाले मौजूद हैं, जॉब लेने वाले नहीं हैं। यह चक्कर क्या है? एक तरफ अनएम्प्लोएमेंट वालों की तकलीफ, एक तरफ जॉब देने वालों की भूखे की तरह आंखें उनका रास्ता देख रही हैं। यह चक्कर क्या है? मैडम, चक्कर यह है इस देश में सब सरकारी नौकरी चाहते हैं क्योंकि सरकारी नौकरी मिलने के बाद फिर वे आराम की खा सकते हैं। ...(व्यवधान)... Sorry, if it is unparliamentary, I withdraw. *(Interruptions)* कुछ काम नहीं करेंगे, फिर भी तनख्वाह आएगी।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Madam, this is not fair.

SHRI B.P. SINGHAL: I withdraw, *(Interruptions)*.

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** यहां जो काम कर रहे हैं, सभी सरकार की खाते हैं ...(व्यवधान)...

**श्री प्रेम गुप्ता:** क्या सरकारी एम्प्लॉयी आराम की खाते हैं ...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let me ask. *(Interruptions)* आपने क्या कहा? ...(व्यवधान)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैंने कहा ...(व्यवधान)... ये चुप हो जाएं तो बोलूं ...(व्यवधान)...

**उपसभापति:** मुझे पूछने तो दीजिए ...(व्यवधान)... खड़े हो जाते हैं ...(व्यवधान)... बैठिए-बैठिए। बैठ जाइये, बैठ जाइये। ...(व्यवधान)... सरोज जी, बैठिए। आप भी बैठिए। आपने कहा क्या है?

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** आराम की खाते हैं।

**उपसभापति:** "आराम"।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** हां।

**उपसभापति:** "आराम" बोला है। आप लोग गलत समझे हैं। ...(व्यवधान)...

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** ये मंत्री जी बैठे हैं। क्या उनके सब कर्मचारी आराम से खाते हैं? ...(व्यवधान)...

**उपसभापति:** यह सरकारी नौकरी थोड़े ही है ...(व्यवधान)... चलिए, बैठिए। सिट डाउन। ...(व्यवधान)... आप बैठिए, बैठ जाइये। ...(व्यवधान)... आराम बोला है। ...(व्यवधान)... चलिए, आराम की नौकरी है। बैठिए-बैठिए बैठ जाइये। ...(व्यवधान)... अच्छा बैठिए।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: You were also a Government servant. आप भी जब सरकारी कर्मचारी थे, तब क्या आप आराम की खाते थे? Why are you blaming others?

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** हम न खाते थे और न खाने देते थे। मैडम ...(व्यवधान)...

**उपसभापति:** अच्छा बैठिए। सिट डाउन। ...(व्यवधान)... नो। ...(व्यवधान)...

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** सरकारी कर्मचारी क्या आराम से खाते हैं? ...(व्यवधान)...

**उपसभापति:** आराम से भई। ...(व्यवधान)... आराम ...(व्यवधान)...

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** आराम हराम है। ...(व्यवधान)... सरकारी कर्मचारी क्या आराम से खाते हैं? इससे क्या मतलब है? ...(व्यवधान)...

**उपसभापति:** अच्छा उन्होंने बोला है। ...(**व्यवधान**)... अगर उन्होंने कुछ बोला है तो जिसके खिलाफ बोला है, वह एतराज करेगा। आपने अपना प्रोटैस्ट ...(**व्यवधान**)... सुनिए ...(**व्यवधान**)... सिट डाउन। प्लीज, सिट डाउन। Please sit down. Let me complete my word. Mr. Prem Chand Gupta, that is not the way. You should know that when I am saying something, you should not interrupt me. Let me complete my sentence. I am not one of the Members of Parliament speaking against you. What I am saying is that you registered your protest. Now, that does not mean that you are going to go ahead by interrupting the work of the House. Let us go ahead. I will look at the records as to what he has said. If he has used the word "aaram", it is his responsibility to defend it.

**श्री प्रेम गुप्ता:** उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के बारे में बोला है जो कि ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** अच्छा आप बैठिए। सब लोग अपने-अपने तरीके से भाषण करते हैं। उनका यही तरीका है। बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम ये सब लोग किसी न किसी वक्त इस सरकार को चलाए हैं और ये सब लोग हर समय ब्यूरोक्रेसी की निष्क्रियता को गाली देते रहे हैं। आज अगर मैं उस सच्चाई को कह रहा हूं तो उछल रहे हैं, उछल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAMACHANDRA KHUNTIA: Mr. Singhal, you have no right to speak like this against the employees. How can you speak like this? You have enjoyed all the facilities as an employee. You cannot say like this. *(Interruptions)*

**उपसभापति:** अच्छा, अभी बैठिए। प्लीज़, सिट डाउन। ...(**व्यवधान**)... प्लीज, टेक यूअर सीट। ...(**व्यवधान**)... एनॅफ, एनॅफ, एनॅफ। सिट डाउन, सिट डाउन। ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम, मैं गवर्नमेंट सर्विस में रह चुका हूं और मैंने बहुत अच्छी तरह से देखा है ...(**व्यवधान**)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will not allow this to happen ... (**व्यवधान**) अच्छा, हम बंद कर देंगे। I will stop the discussion. We will go to the Interim Budget (Railways), 2004-2005. Let me explain.

**श्री सतीश प्रधान:** उन्होंने, सिंहल साहब ने जो बोला, वह वर्ड विदड्रॉ नहीं किया। उसे वे विदड्रॉ करें। ...(**व्यवधान**)

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैंने आराम कहा।.... (**व्यवधान**)

**उपसभापति:** ''आराम'' शब्द को कैसे विदड्रॉ करेंगे। ...(**व्यवधान**)... आराम से क्या होता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजीव शुक्ल:** नहीं, आराम तो बाद में कहा है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** अच्छा अभी आप जल्दी करिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम, आराम की चीज़ मैं आपको बता दूं। एक मेरे मित्र हैं। उन्होंने एक क्लर्क के लिए और एक फोरमैन के लिए एडवर्टाइज़मेंट किया। क्लर्क की एक जॉब के लिए चार हजार एप्लीकेशंज़ थीं और फोरमैन के लिए सिर्फ तीन एप्लीकेशंज़ थीं। क्योंकि फोरमैन के लिए मेहनत चाहिए और क्लर्की में आराम मिलता है। यह मनोस्थिति है। इस मनोस्थिति को ...(**व्यवधान**)...अरे, आप बैठिए। आप बहुत बोल चुकीं हैं। अब आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** सरोज जी, आप बैठिए। सरोज जी, बैठिए। आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... लैट मी एक्सप्लेन। एक मिनट ...(**व्यवधान**)... वन मिनट। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। हर आदमी अपने परसैप्शन से इस हाउस में बोलता है। यह जरूरी नहीं है कि जो सिंहल साहब बोल रहे हैं उससे आप हंडरेड परसेंट एग्री करें। हो सकता है जब आप बोल रहे थे उससे कोई एग्री कर रहा हो और कोई नहीं कर रहा हो। इसका मतलब यह तो नहीं कि कुछ गलत बात हो गई। चलिए, अब आप खत्म करिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम, मैं तो सिर्फ आखिरी बात कहना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)

**श्री लालू प्रसाद:** मैडम ...(**व्यवधान**)... आप जरा रुकिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** ऐसे कैसे आप कह रहे हैं, बिना परमिशन लिए हुए, पहले परमिशन तो ले लीजिए।

**श्री लालू प्रसाद:** ले ली है। आप जरा सुन लीजिए।

**उपसभापति:** परमिशन ले ली है।

**श्री लालू प्रसाद:** महोदया, बहस चले, इसमें कोई दो राय नहीं है। दोनों भाषा का इस्तेमाल किया। आप उसको देख लीजिएगा। आप देखिए, बार-बार ये बाले रहे हैं तो सब की तरफ उंगली दिखा रहे है। आप उंगली मत दिखाइए। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** लालू जी, आप की भी उंगली दिख रही है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैं चश्मा पकड़े हुए हूं और कुछ नहीं है।

**श्री लालू प्रसाद:** आप हाथ जोड़कर बोल सकते हैं।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** जब हाथ जोड़ने की बात होगी तो वैसे भी बोलूंगा।

मैडम, मैं अंतिम बात कहकर समाप्त करूंगा। मैडम, यह एक रिचुअल हो गया है कि हर तीसरे चौथे महीने अन-एम्प्लायमेंट का दर्द बताओ। ये बड़े बड़े दर्द बताते हैं लेकिन इन्होंने करा क्या है? मैडम, एक एन०जो०ओ० है जिस ने दलितों के शेडयूल्ड कास्टों के दर्द को समझा है जिस ने यह समझा है कि there is an employment potential for them ...(**व्यवधान**)... अरे सुनिए।

**उपसभापति:** आप लोगों ने बीच-बीच में बोलने की बहुत गलत प्रथा डाली है। यहां एक सीरियस डिबेट हो रही है। ...(**व्यवधान**)... प्लीज ऑर्डर। चेयरमैन साहब ने आउट ऑफ द वे जाकर अन-एम्प्लायमेंट पर डिस्कसन की इजाजत दी है। पिछले सत्र से इस सत्र तक उस हिस्से से इस हिस्से तक समय की कमी के बावजूद डिस्कसन हो रहा है और आप टोका-टाकी कर के उस की सीरियसनेस को खत्म करना चाहते हैं। आप अन-एम्प्लायमेंट के बारे में जो चाहे भाषण करिए, लेकिन एक-दूसरे को बोलने तो दीजिए, नहीं तो इस डिस्कसन का क्या फायदा?

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम, उस एन०जी०ओ० ने उन में पोटेंसियल देखा। उन्होंने देखा कि पूरे हिंदुस्तान में व्यापक रूप से कर्मकाण्ड होता है। मंदिरों में आचार्य होते हैं, लेकिन वे कुछ नहीं करते। वे प्रवचन नहीं देते और सिर्फ घंटा बजाकर चले जाते हैं। उन को प्रवचन मिले और अच्छे विचार मिलें, इस के लिए उन्होंने कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने साउथ इंडिया के सारे वेदज्ञाताओं पर प्रेशर डालकर, उन्हें पर्सुवेड कर के कहा कि आप शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों को वेद पढ़ाइए। उन्होंने वेद पढ़ाया और सन् 1993 से 2002 तक 70 हजार शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों को तैयार किया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: He is stating facts. Why should you object to it? ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रेम गुप्ता:** एक हरिजन को वेद पढ़ाने में कौन सी नई बात है। ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: But not to him. You object to those people. Let him finish ...*(Interruptions)*... What is this?

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** मैडम, 70 हजार लोगों को मंदिरों में जॉब्स मिले हैं। वे मंदिरों में आचार्य बने हैं और कर्मकाण्ड करा रहे हैं। उन्हें जॉब्स मिले हैं। वह एन०जी०ओ० कौन था-विश्व हिंदू परिषद। मैं कहना चाहता हूं कि आप भी ऐसा करिए।

3.00 P.M.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal): Madam, Mr. Singhal is right in saying that, perhaps, it has become a ritual to discuss about unemployment. It has become a ritual because, however seriously we may express our anxiety, whatever seriousness we may add to this problem, we cannot act, we cannot decide about the policies. It is the Government which has to take a lesson from this situation. The Government has to resort to some policies so that a formidable solution could be arrived at in resolving this perennial problem of unemployment.

(THE VICE-CHAIRMAN, DR. A.K. PATEL, in the Chair)

Unfortunately, it has not happened. No proper action could be resorted to by this Government in the last four or five years. Even before the elections, the Government has pledged to the nation that it will generate at least one crore jobs every year. Now, we shall have to look at the balance-sheet. When the Government has decided to dissolve the Lok Sabha, when they are trying to absolve them from the responsibility of answering to the Parliament, we must look at the balance-sheet as to what exactly has happened. In fact, the situation, as on today, in so far as the unemployment problem is concerned, is deplorably poor. The hon. Labour Minister is sitting over here. He may, perhaps, agree with me that the unemployment situation or the employment situation is deplorably poor in the country of ours. It is very unfortunate that millions and millions of young men and women have been rendered unemployed or they are roaming around unemployed. There are no jobs at all. Even the Leader of the Opposition is saying that. Even the Planning Commission in its recent observation has stated that there are 21 crores of young men and women, in the country, between the age of 16 years and 26 years, and during the intervening period of five or six years, hardly 23.6 per cent of them could be employed, and that too, in the unorganised sector or in the informal sector. Only 9.6 per cent could be employed in the formal sector or in the organised sector where at least a minimum guarantee of jobs is there. Even then, the security of job is something which is completely missing during the regime of this NDA Government in the last three years. Sir, You will certainly appreciate that this unemployment problem is inextricably linked with the economic policy that this Government pursues. In fact, the Labour Minister has nothing to do with it. Here, in the morning, some of my revered colleagues raised this point that, in fact, the Labour Minister

was a poor man. He could not do anything because the Labour Minister was concerned with the problems of labour; he was concerned with the problems of workers. There also he has totally failed. Not only that he has failed but also the situation has become quite bad because, as of today, the increase in trade and investment has not translated into commensurate income increase, especially, for most workers, as per predictions. The gains have been concentrated among the corporate houses and big companies. Their profits have increased as the purchasing power of the typical urban consumers have also increased. The poor people of the rural areas, where nearly 77 per cent of our population live, have become poorer. The Government has also accepted that the number of people living below the poverty line is not one or two lakhs. Their number is 34 crores. Out of a population of 107 crores, some 34 crores of people live below the poverty line. Who cares about their condition? Who cares about their jobs? Who cares about their livelihood? Nobody cares about them. This Government, at least, does not care at all.

Sir, I must say that many committees have been formed. Of course, during the last 50—56 years, many committees have been formed. Many committees might have made some recommendations. Maybe, some of the recommendations were quite useful recommendations. But the Government, particularly, this NDA Government, has not at all considered those recommendations and acted in the right earnest to resolve the problem of unemployment. Moreover, during the last 4-5 years, the situation has become bad because the number of jobless is more than the number of jobs created. The job opportunities as such could not be created to the extent they were required. Since the introduction of the New Economic Policy of globalisation, liberalisation and privatisation, we have been raising our apprehension and our apprehension has been vindicated. We have been afraid of this situation. We have always said this. We have said this time and again. We tried to assert that this Economic Policy is going to lead us to a jobless and voiceless growth. Today, it has been vindicated. Our apprehension has come true. Today, in our country there are millions of unemployed people. I am not talking only about the rural sector. It is also there in the urban sector. In the urban sector also unemployment has grown by leaps and bounds.

Sir, I will just give you some examples. What is the Economic Policy? Recently, I was in Ludhiana. A very renowned woollen garment manufacturer

from Ludhiana invited us, a Parliamentary Committee, to visit his state-of-the-art plant. Though I didn't have the desire to go and visit it, I had to go. I went and saw the real state-of-the-art plant. There was a huge workshop and a number of looms were operating. I was not finding any person there. I asked the gentleman, "who is the proprietor of this company?" He said, "a big corporate house". Then I told him, "These looms must have been developed here." He said, "No, Sir, it can't be. We are exporting our garments. This loom has been imported from Germany; this loom has been imported from Switzerland; this loom has been imported from Italy; this loom has been imported from Australia; and we are working so nicely". Then I asked him after sometime. "These wools must have been produced here in India". He said, "No, Sir, we can't do it because we are exporting. These wools have been specially designed for us in Switzerland". No raw materials and no capital goods, the production of which could entail some employment here, have been produced. Then I asked him, "What about the people? Why are there no people seen?" He said, "No, Sir. We can show you". I was taken to another very good, well-decorated room, a state-of-the art room. I saw ten computer engineers and one or two supervisors working there. What is the price of the commodity that they are producing? I just asked the price of a pair of socks. Mr. Vice-Chairman, I was shocked to hear the price. The gentleman said, "It is very cheap". What is the price? He said, "it is for only Rs. 275/-." Now with the per capita income of ours, the bare minimum cost of a commodity that is being produced there is Rs. 275/-. No jobs could be created. Whatever jobs could be created, those jobs were for Computer Engineers. Who are those Computer Engineers? They are those persons whose parents could spend lakhs of rupees for making them Computer Engineers. There are no other jobs. As it has contributed to the GDP, it has also added to the forest reserves. There are a number of examples. As my colleagues have pointed out, jobs are not being created even in the IT sector. No jobs have been created in this sector. Even if the jobs have been created, those jobs have been created only for the handful rich, upwardly mobile middle-class people or for the students belonging to the middle-class families. In this situation, if the economic policy continues like this, I am not convinced about it. I believe any person having a mental balance, having a right mental attitude, having right knowledge about the ground realities, will not be convinced that this economic policy can in any way resolve this unemployment problem because whichever country is following this sort

of economic policy, in that country the unemployment problem is soaring. My primary concern is, unless this economic policy is changed forthwith, unless there is a radical change in the economic policy, this problem of unemployment cannot be resolved. We shall only be discussing about this unemployment problem.

Sir, I would like to refer to the situation that is existing in the plantation industry where people belonging to the Scheduled Castes, particularly the Scheduled Tribes are working. Millions of Scheduled Tribe people are being rendered jobless, be it in the tea plantation in West Bengal or in Tamil Nadu or in Kerala; be it in the cashew nut plantation in Kerala or in Tamil Nadu or in other parts; be it coffee plantation in Tamil Nadu or in Kerala. Everywhere job loss is rempant.

Sir, during our childhood days when we were in schools, we used to be given an arithmetic sum. The sum was, if in one tank one pipe is pouring in 10 gallons of water and five gallons of water is going out through another pipe, how much time will it take to fill in the tank? Now the situation today is, if one gallon of jobs are created, 10 gallons of jobs are being lost. Even the bargaining power of workers has also gone down. The other day I had shown it to the hon. Labour Minister. Mr. Labour Minister, you will be surprised to know it. Please take note of it. Even the Corporate houses are declaring in their annual reports that they are resorting to deunionisation and by resorting to deunionisation they have succeeded in pushing 60 per cent of the workers out of the union. That is great. The Corporate houses are putting it on record in black and white in their annual reports. I have given one copy to the hon. Labour Minister. Of course, he has assured me that he would be taking stringent steps against them. I do not know what they can do or what the Government can do because job loss is rampant. Whatever jobs could be created by this much espoused 'Golden Quadrilateral' project of the Government of India; the dream project of the hon. Prime Minister, which they are trying to sell during this election year, those jobs are only in the informal sector. Mr. Labour Minister—I know you have got some weakness for the common people—you will be surprised and you will be pained to know that the workers are being fleeced. They are being simply fleeced. The workers are not being paid their due wages. Particularly, the women workers are being tortured. As some of my colleagues have said, it is feminisation of poverty. It is not only feminisation of poverty, women

workers are being exploited and they are being sexually abused in these 'Golden Quardrilateral' projects. It is a very serious situation. We have got a number of reports from Kharagpur and from West Bengal. A number of NGOs have reported it. It is not that only the RSP or the CPI (M) are saying it, even the NGOs are also saying it. The women workers are being subjected to this sort of harassment in the construction industry. These are absolutely informal jobs. These jobs do not have any guarantee and no social security is being provided. The women workers are being exploited and are being sexually abused. I would just give another interesting point. Under the Prime Minister's Rozgar Yojana, the banks are not dealing properly with the unemployed young men and women. It is very difficult, I tell you; even after recommendation of eminent MPs and politicians, the banks are not giving the money. The situation is very poor. The situation is extremely bad.

I must say another thing. From the Treasury Benches, my very good friends like Shri Lalitbhai Mehta and Shri Singhal were quoting certain statistics. These statistics imported from England and America will not help us in resolving our problem, Mr. Mehta. I am not commenting adversely about him. He is a very good friend of mine. But I must tell them that they are importing these statistics. You are not only importing machinery and equipments from America or England, but you are also importing statistics. These are satisfying you. And, you are moving with a certificate of the Americans and Britishers that you are doing a very good job. But, unfortunately, the ground reality is altogether different. When this privatisation, indiscriminate privatisation, of public sector undertakings is going on, I am worried about jobs for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. Tell me the name of one Corporate house, the name of one private company, which has reserved jobs for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. None. No company can reserve jobs for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. Mr. Singhal was saying that the people are looking at the Government for their livelihood. No; Mr. Singhal, you must have looked for your job in Government. You have also worked in Government. But what happens to the disabled people, to the hundreds and thousands of physically handicapped people? Who will give them jobs? And who will give jobs to the poor Scheduled Castes and Scheduled Tribes? It is the Government that should act as a good anchor. But, unfortunately...

**उपसभाध्यक्ष (डा० ए०के० पटेल)**: प्लीज, समाप्त कीजिए।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I will abide by you. I will just conclude. What I was saying is, the situation is so frivolous that even Goebbels would have failed to generate a sense of well-being in the people, or to say, the feel-good factor. Mr. Singhal was saying that it is the creation of the media. And, the other day he was saying, "When Mr. Advani was asked how to translate this into Hindi, he said that there is no Hindi translation for this word. This is only in English." Yes; there is no Hindi word for this because Hindi is the language of the common people.

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल**: ''खुशहाली की अनुभूति'', यह है इसका हिंदी अनुवाद।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: The common people of the country cannot feel good in this situation. There can be no...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Bhattacharyaji, please conclude...(*Interruptions*) I am calling Shri Rajeev Shukla now...(*Interruptions*) It will not go on record. Yes, Shri Rajeev Shukla.

**श्री राजीव शुक्ल**: उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसा कि डिप्टी चेयरमैन साहिबा ने कहा था, यह एक बहुत गंभीर मसला है। मैं यह मानता हूं कि यह एक बेहद गंभीर मसला है और देश के सामने सबसे बड़ी समस्या है। इसको हल्के ढंग से लेने का काम नहीं होना चाहिए। यह दुर्भाग्य है कि सरकार ने इसको बहुत हल्के ढंग से लिया है! मैं जानता हूं कि यह लेबर मिनिस्टर के वश की बात नहीं है कि वह बेरोजगारी की समस्या को दूर कर सके। आज खुद प्रधानमंत्री जी को यहां होना चाहिए था, वित्त मंत्री जी को यहां होना चाहिए था, योजना मंत्री जी को यहां होना चाहिए था, कॉमर्स मिनिस्टर को यहां होना चाहिए था। इन चारों लोगों को आज यहां होना चाहिए था, तब तो उसके समाधान की कोई बात हो सकती थी, कोई सौल्यूशन निकल सकता था क्योंकि श्रम मंत्री जी तो केवल आंकड़े दे सकते हैं।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल**: पूरे मंत्रिमंडल को यहां नहीं होना चाहिए था?

**श्री राजीव शुक्ल**: अरे, आप क्यों परेशान हैं? आप तो कह रहे हो कि वेद पढ़ा दिया, उसी से नौकरी मिल गई? उससे कुछ नहीं होने वाला है। विश्व हिंदू परिषद वाली बात से कुछ नहीं होने वाला है। आप कहते हैं कि स्टेनो नहीं मिल रहा है, मैं आपको सौ स्टेनो दिलवाता हूं।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल**: एक दिलवा दो।

**श्री राजीव शुक्ल**: मैं कह रहा हूं कि इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए। श्रम मंत्री जी पूरी

कोशिश कर रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, श्री सुरेश पचौरी जी ने पिछले सत्र में इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए इस बहस की शुरुआत की थी। मुझे लगा था कि सरकार इसको बहुत गंभीरता से लेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम इस पर अपनी बात रख रहे हैं। कई लोगों ने इसमें कहा जो रोजगार की दर है–रोजगार की बढ़ोत्तरी की दर वह लगातार गिर रही है। मान्यवर, वह एक प्रतिशत से भी नीचे चली गई है और पूरे देश में शिक्षण संस्थाएं बढ़ती चली जा रही हैं। प्राइवेट एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस बढ़ रहे हैं। उनके नतीजे में जो पढ़े-लिखे लोग हैं उनकी संख्या इतनी बढ़ रही है कि एक-एक गांव में कम से कम पांच-पांच सौ नौजवान बेरोजगार बैठा है। इनको सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती चाहे स्टेट गवर्नमेंट हो, चाहे सेंट्रल गवर्नमेंट हो, सब में जॉब फ्रोजन है, उनको इस तरह नौकरी नहीं दी जा सकती। तो मैं आज समस्या के साथ-साथ इसके समाधान की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश करुंगा कि जब तक देश में उद्योग-धंधे बढ़ाने का माहौल पैदा नहीं करेंगे, फिर से डोमेस्टिक इण्डस्ट्री का रिवाइवल नहीं करेंगे तब तक इस समस्या से निजात नहीं पा सकते। जो डॉमेस्टिक इण्डस्ट्री आज से 10 साल पहले, 15 साल पहले लगातार बढ़ती चली जा रही थी यह एक माहौल बन गया है कि चाहे उत्तर प्रदेश और जितनी नौर्थ इंडिया है वहां डॉमेस्टिक इण्डस्ट्री बंद होती चली जा रही है और वे बंद होती इसलिए चली जा रही हैं क्योंकि सरकार की पॉलिसी में डॉमेस्टिक इण्डस्ट्रीज को जो भारतीय उद्योग-धंधे हैं उनको पनपने का मौका ही नहीं है। मैं एक छोटा सा उदाहरण देता हूं कि स्टील सैक्टर में आज की तारीख में बूम है। स्टील सैक्टर में जो उनका घाटा पिछले 4-5 साल में हो रहा था अचानक लाभ में बढ़ोत्तरी हो गई, उनको प्रोफिट हो रहा है। लेकिन लगातार कोशिश चल रही है कि स्टील के इंपोर्ट पर ड्यूटी कम कर दी जाए। आप ड्यूटी कम कर दीजिए, बाहर से इंपोर्ट होने लगेगा और फिर यहां की डॉमेस्टिक इण्डस्ट्री सफर करने लगेगी। इस तरह से तमाम चीजें चाहे कंज्यूमर गुड्स हों, चाहे जो हों सब में जिस तरह से ड्यूटी कम करके उनको लाया जा रहा है, भले ही डब्ल्यू॰टी॰ओ॰ के प्रति हमारे कमिटमेंट हो लेकिन रास्ता निकल सकता है। अगर इस तरह से हम करेंगे तो हमारी डॉमेस्टिक इण्डस्ट्री मर जाएगी। हम सबसे मंहगी इलेक्ट्रिसिटी देते हैं, लेबर प्रोब्लम अलग से देते हैं, एन्वायर्रमेंट वाला अलग से तय करता है, कस्टम वाले उनको तंग करते हैं, एक्साइज वाले उनको तंग करते हैं, इंकम टैक्स वाले भी लगातार उनको तंग करते हैं, ट्रेड टैक्स वाले उनको तंग करते हैं। इण्डस्ट्री चलाना आज की तारीख में सबसे मुश्किल काम है। जब तक प्राइवेट सैक्टर में इण्डस्ट्री का रिवाइवल नहीं होगा तब मक मैं नहीं समझता हूं कि आप किसी भी तरह से रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं। कहते हैं नीचे। नीचे की बात नहीं। ऊपर से नीचे तक बेरोजगारी का माहौल है। इसको मजाक में मत लीजिए कि अभी मैं लता मंगेश्कर जी को कह रहा था कि क्या आप नहीं बोलेंगी इस पर? कहने लगी कि राजीव जी, मैं क्या बोलूंगी इस पर, मैं तो खुद ही बेरोजगार हूं। तो हाल इस समय यह है। वह मजाक हो सकता है लेकिन एंटेरटेनमेंट इण्डस्ट्री में हाल यह है कि उसमें भी लोग बेरोजगारी के शिकार हैं। वे अपनी बात नहीं करते, नीचे तक के और लोगों की बात वे कर

रही थी। हर तरफ एक माहौल खराब है, चाहे शहर हो या गांव हो। मैं यह कहता हूं हो सकता है कि ग्रोथ रेट 8.3 परसेंट हो। उसको मान सकते हैं आंकड़ों की बाजीगरी या जिस तरह से अच्छे मानसून की वजह से या और भी चीजें हो सकती हैं फॉरेन रिजर्व के बढ़ने से। लेकिन जो रूरल सैक्टर में खास तौर से नीचे, खास तौर से जो रोजगार के अवसर बढ़ने चाहिए वे बिलकुल नहीं हो रहे हैं और जो हमारी लैंड होल्डिंग होती थी, एक परिवार में अगर 50-60 एकड़ लैंड किसी के पास होती तो वह रिच होता था। अगर उसके चार बच्चे हैं तो वह 15-15 एकड़ हो गई। उनके तीन बच्चे हैं तो 5-5 एकड़ रह गई। गांवों में युवकों की शादियां तक नहीं हो रही है। यह जो कह रहे थे कि लड़कियां बेचने की बात है, तो लड़कियां खरीदकर लोग कहां ले जाते हैं। गांव में शादियां कराना मुश्किल काम हो रहा है क्योंकि कोई अपनी लड़की ऐसे को नहीं देना चाहता जो बुरी तरह बेरोजगार हो। ता रूरल इंडिया में इसकी सबसे बड़ी समस्या हो रही है और मुझे लगता है कि सरकार को इण्डस्ट्री रिवाइव करने की तरफ, प्राइवेट इण्डस्ट्री रिवाइव करने की तरफ सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जहां तक आई॰टी॰ सैक्टर की बात है, मैं एक बार फिर से राजीव गांधी जी को याद करना चाहूंगा जिन्होंने इस आई॰टी॰ सैक्टर को, शुरू से कम्प्यूटराइजेशन को प्रोमोट किया और इस देश में लाए। उस समय उनकी बहुत आलोचना हुई थी लेकिन आज सबसे ज्यादा जॉब अगर कोई क्रिएट कर रहा है तो आई॰टी॰ सैक्टर कर रहा है। उसमें भी जो अभी अमेरिकन पॉलिसी बनी है जो बी॰पी॰ओ॰ जिसमें हमारे यहां वहां से काम मिलता था उसमें जिस तरह से वे कटौती कर रहे हैं, मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमें कड़ा प्रतिरोध उस पर दर्ज कराना चाहिए। वहां हमारे अम्बेस्डर को बहुत सख्ती से इसको लेना चाहिए। विदेश मंत्री, वित्त मंत्री सब को बात करनी चाहिए कि अगर हम अच्छा काम करके देते हैं तो हमें प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अगर आप मोस्ट फेवर्ड नेशन का स्टेटस चायना को दे सकते हैं तो कम से कम आई॰टी॰ सैक्टर में हमें एम॰एफ॰एन॰ तो बनाइए। यह एक बहुत जरूरी बात है। तीसरी बात, जो गवर्नमेंट एजेंसीज लोकल इण्डस्ट्री को, प्राइवेट इण्डस्ट्री को या डॉमेस्टिक इण्डस्ट्री को तंग करती हैं उनके लिए भी सरकार को कुछ उपाय करने चाहिए। इन्हीं दो बातों पर हम अपनी बात रख कर समाप्त करते हैं और पौपुलेशन कंट्रोल आखिरी मुद्दा है कि जब तक पौपुलेशन ग्रोथ पर रोक नहीं लगेगी तो ये समस्याएं बनी रहेंगी। मुझे बी॰जे॰पी॰ के चीफ मिनिस्टर ने एक बार कहा था कि हाल यह है कि अगर ऐसे ही अन-एम्पलायमेंट बढ़ता रहा तो 5 साल, 10 साल नहीं बहुत जल्दी लोग सड़को पर कार, स्कूटर छीन लेंगे और हम लोग कुछ नहीं कर पाएंगे। लॉ एंड आर्डर की हालत यह पहुंचे उससे पहले ही हमें सचेत हो जाना चहिए, ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे देश बच सके लोग बच सकें और नेशन ग्रो कर सके।

**श्री लालू प्रसाद:** धन्यवाद महोदय। बेरोजगारी के ऊपर सदन में आज चर्चा हो रही है। हम सभी प्रतिपक्ष के लोग और सत्ता पक्ष के लोग जहां-जहां बैठे हैं, यह सभी के लिए चिंता का विषय है। इस देश में बेरोजगारी की एक बहुत बड़ी फौज तैयार हो रहीं है। आलोचना करने से समस्या का

कोई समाधान निकलने वाला नहीं है। चाहे जो भी सरकार रही हो, वर्तमान सरकार हो या पूर्व सरकार हो और आने वाली सरकार के सामने, इस मुल्क के सामने बड़ी भारी चुनौती है। मैन पावर, श्रम शक्ति, देश की आबादी एक अरब पांच करोड़ हो गयी है।

महोदय, बेरोजगारी का आलम यह है कि राज-राज में नौजवान मारे-मारे फिर रहे हैं, उनकी पिटाई भी हो रही है। वोट के लिए आश्वासन और आज का जो इंटरिम बजट दिया गया वोट आन अकाउंट के आधार पर, यह चुनाव को ध्यान में रखते हुये लाया गया है। इस देश के किसान, मजदूर, नौजवान, बेरोजगार तंग और तबाह हैं नेताओं के भाषणों को देखकर, उनके आचरण को देखकर, उनकी कथनी को देखकर, उनकी करनी को देखकर के। भाजपा का शुरू से नारा था कि हर हाथ को काम और हर खेत को पानी। खेत तो दूर रहा इस देश में पीने का पानी का भारी संकट है। अपनी पीठ थपथपा रहें हैं। जैसे हम हिन्दू भाई लोगों में कोई मर जाता है तो लाश लेकर जाते हैं तो बोलते हैं कि राम नाम सत्य है, राम नाम सत्य है। सच है या सत्य है। अब ये एनडीए और भाजपा के लोग और हम सब लोग चुनाव में जा रहे हैं। जो सरकार है उसकी जिम्मेदारी थी। अब इनको याद आ रहा है पांच साल के बाद जब हम चुनाव में जा रहे हैं। देश के मतदाताओं के सामने तरह-तरह के लुभावने नारे, तरह-तरह की बात कही जा रही है। देश पर बोझ डाला जा रहा है और लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं। लेमनचूस है, छलावा है जो कर सकते हैं उस पर बहस होनी चाहिए कि हमने यह काम किया है। देश के प्रधान मंत्री जी गवाह हैं, बीजेपी में बैठे हुये लोग गवाह हैं और इधर हम सब लोग बैठे हुए गवाह हैं। लगातार बेकारों को काम दो या बेकारी का भत्ता दो। मोरारजी भाई थे, लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी के आंदोलन में भी हम लागों ने भाग लिया था। जब सब लोग शरीक थे तो काम का अधिकार संविधान में रखने की मांग की गई थी। सब लोगों को काम की गारंटी मिलनी चाहिए। काम नहीं देते हों तो हमें जीवित रहने का हक है। इस धरती पर, सम्पदा पर, धन में सबका हक है। भेदभाव नहीं होना चाहिए। जब तक काम नहीं मिलता है तब तक बेरोजगारी भत्ता मिलना चाहिए। उनको जीने का अधिकार है। जैसे- बूढ़े लोगों को, गरीब लोगों को, अपाहिज लोगों को लाल कार्ड पर फ्री राशन मिलता है। हम ओल्ड ऐज पेंशन देते हैं, लेकिन हम सब लोगों को इस पर चिंतन करना चाहिए, सभी दलों के लोगों को इस पर चिंतन करना चाहिए। इस समस्या का समाधान क्या है इस देश में? मंत्री जी, भूल जाइयेगा, गलतफहमी का शिकार मत होइये सरकार में रहने वाले लोग, यह देश अमेरिका नहीं हो सकता है, यह देश सिंगापुर नहीं हो सकता है। सह देश हमारे बापू का देश है। बापू ने हमको एक राह दिखाई थी। बापू छीन लिये गये, उस बात पर मैं जाना नहीं चाहता हूं। किन्होंने छीन लिया? क्या कर दिया? आप लोगों ने नाश कर दिया और यह विषय भी नहीं है चर्चा का। लेकिन हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी शरीर पर आधा धोती पहनकर रहते थे। ऐसा नहीं था कि उनके पास साधन नहीं थे। सिंहल साहब ने टाई पहनी हुई है, सूट-बूट पहनकर भाषण कर रहे हैं, अंग्रेजी में बखान कर रहे हैं। गांधी

बाबा को काफी सामर्थ्य था, लोग मदद करने वाले थे। गांधी बाबा नहीं रहे। उन्होंने देश को एक दिशा दी। विनोबा भावे जी ने दिशा दी। सब लोगों ने, आपके बीजेपी के लोगों ने दी कि स्वदेशी रास्ते से देश चलेगा। आप लोगों पर कौन विश्वास करेगा? आप लोगों की वाणी पर, आप लोगों के व्यवहार पर? आप लोग शाम को कुछ बोलते हैं, सवेरे बदल जाते हैं। गांधी बाबा आधी धोती शरीर पर और आधी ठहुन तक पहनते थे और हाथ में लाठी रहती थी -- गांधी बाबा की लाठी। यही हमारा भारत है। यह हमारा कृषि प्रधान देश है। हमारे पुरखे, न जाने कितने लोग इस धरती पर आए और कितने लोग चले गए, हमने उधार पंचा लेकर नहीं, विचारों को हमने उधार नहीं लिया। हमारा देश मालोमाल था, जब हाथ से काम होता था। हमारे दस्तकार, चित्रकार लोग दुनिया भर में मशहूर थे। गांधी बाबा ने बताया कि साधारण सोच, अच्छे विचार और बेहतर ढंग से भारत चले। जो धरती मां है, जो हमारी मां है जिसके ऊपर हम खड़े हैं। यह जो धरती है, इंसान जिन्होंने इस पर जन्म लिया है उनकी न्यूनतम जरूरत की चीजों की हमारी धरती मां पूर्ति करती है जिससे हमारा काम चल जाए। लेकिन लालच का इंतजाम, लालच और बेइमानी का प्रबंध हमारी धरती मां नहीं करती है। हमको निहारना पड़ेगा, भाषण देने वाले लोगों को सोचना पड़ेगा। जो लेजीस्लेचर हैं, जो पार्लियामेंटेरियन हैं, जो संसद है, हिन्दुस्तान की जो सबसे अंतिम पंचायत है, इसमें हम यह देखें कि हमने देश के लिए कौन कौन से कानून पास किए? हम समाजवाद की बात करते हैं, समता मूलक समाज की बात करते हैं, सोशलिज्म की बात करते हैं? राम राज्य की बात करते हैं लेकिन क्या उसको धरती पर लागू करने के लिए हम कायम हैं? नहीं हैं। हम जब कानून पास करते हैं तब देखते हैं कि इन द इंटरस्ट ऑफ दी स्ट्रांगर पीपल, जो मजबूत लोग हैं, जो पार्लियामेंट के सदस्य हैं वे देखते हैं कि क्या यह हम पर तो लागू नहीं हो जाता है? अगर हमें सूट नहीं करता है तो हम ऐड़ी अलगा-अलगाकर भाषण खूब करेंगे लेकिन हमारे विपरीत में अगर यह कानून पास होगा तो निश्चित रूप से यह कानून रद्दी की टोकरी में चला जाता है। मैं इसको देखता आया हूं हम इस राजनीति में एक दिन से नहीं हैं। छात्र जीवन से हम लोग राजनीति में हैं। सब जग का हाल मालूम है। सब घर में हम लोग देखते हैं। सब लोग एक ही घर से निकले हैं, खासकर ये लोग जो हैं। महोदय, गांधी बाबा जो थे-जो लोग समाजवाद की बात करते हैं, समतामूलक समाज की बात करते हैं और जो गोल-गोल बात करते हैं, टाई-बूट और सूट में रहते हैं-गांधी बाबा की वह धोती, जब वह धोती फट जाती थी तो भारत के हमारे किसान हैं, मजदूर हैं, फटी हुई धोती को सिलवा दिया जाता था, हमारी मैया सिलती थी और सीने के बाद भी वह फटती चली जाती थी। धोती खिंचने के बाद, साफ करने के बाद और फटने के बाद उसकी गुदड़ी बना दी जाती थी। महोदय, गुदड़ी के बारे में पता नहीं आप जानते हैं या नहीं। गुदड़ी बनती है जैसे टुकड़े-टुकड़े जोड़कर कम्बल बना दिया जाता है और बच्चे को ढक दिया जाता है और सब सो जाते हैं।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** उसी का तो लाल हुआ।

**श्री लालू प्रसाद:** उसी में से लाल निकलता है-गुदड़ी में लाल। आप भी उसी में से हैं। हम चम्मच से नहीं खाते हैं, आपने चम्मच से खाना शुरू कर दिया है। हम हाथ से उठाकर खाते हैं। महोदय, इस प्रकार गुदड़ी बनती थी। आप सोचिए, समझिए, हम कहां जा रहे हैं? वह भी गुदड़ी अगर फट जाती थी तो टुकड़े-टुकड़े करके गुदड़ी के चिथड़े से घर लीपने का पोतन बनता था जिससे घर द्वार की सफाई की जाती थी — मिट्टी घोर करके, पीली मिट्टी। गांव में जाइए, आप तो देहात से आए होंगे। आपको मालूम होगा कि गांव में अभी भी मिट्टी के घर मैया कैसे पोतती है? आते ही इतना अंधाधुध हमने नकल करना शुरू कर दिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से कि रहन-सहन, खान-पान, ओढ़ना-बिछाना, सारा बदल गया! देश का जो पैसा है वह विदेशों में जा रहा है। कैसे लोगों को काम मिलेगा? वोट लेने के लिए प्रधान मंत्री जी जब जीतकर आ गए तो इन लोगों ने कहा कि सबको देखा बारी-बारी, इस बार देखो अटल बिहारी। लोगों को उम्मीद थी क्योंकि लाल किले पर उन्होंने कहा था कि एक करोड़ लोगों को हम काम देंगे। नहीं बोलना चाहिए था अगर नहीं देना था तो। कोई ज़रूरी था बोलना? ...(व्यवधान)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** दिया था।

**श्री लालू प्रसाद:** अरे काम कहां दिया है? आप लोग तो कितनी बार चर्चा कर चुके हो, काम दिया है तो दिखाइए ना कि कहां काम दिया है? महोदय, ये जो लोकलाइज़ेशन को छोड़कर ग्लोबलाइज़ेशन में चले गए, प्रवेश कर गए और चारों तरफ इन्होंने जो पोखरण का जश्न मनाया, पोखरण में जो विस्फोट हुआ, जवाब में पाकिस्तान ने चार्ज कर दिया। अमेरिका ने इकानॉमिक सैंक्शन लागू कर दीं, हिंदुस्तान की जब हवा निकलने लगी तो लोक सभा में जसवंत सिंह जी उस समय फाइनेंस मिनिस्टर थे, तब प्रधान मंत्री जी क्या भाषण कर गए कि हम दुनिया की, अमेरिका की परवाह नहीं करते। भारत अपने रास्ते पर अपने पैरों पर खड़ा होकर दुनिया का मुकाबला करेगा, यह भाषण है प्रधान मंत्री जी का। स्वदेशी रास्ते से हम देश को चलाएंगे, परदेशी रास्ते से नहीं। भाजपा के मेनिफेस्टो में यह था जिस पर इन्होंने वोट लिए, सारी बातें हुई थीं।

महोदय, पानी के लिए राज्य-राज्य में युद्ध हो रहा है। जिस राज्य के पास पानी है, उस राज्य को उलटा टांगने की साजिश चल रही है। गंगा बेसिन का पानी, बिहार का पानी, ब्रह्मपुत्र का पानी उलटा टांगने की बात हो रही है लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए। कावेरी का युद्ध तमिलनाडु और कर्नाटक का युद्ध मामूली युद्ध नहीं है। अब राजस्थान है जहां से उपराष्ट्रपति जी आते हैं। वहां हमारी बेटियां, मां और बहनें एक-एक कोस तक घड़ा लेकर पानी के लिए जाती हैं। पानी नहीं है देश में और नौकरी की बात प्रधान मंत्री ने कही? कहा कि नौकरियों में छंटनी करो, केन्द्रीय दफ्तर में सब छंटनी करो, राज्य सरकारों में छंटनी करो। हमारे बिहार राज्य में आज आई०ए०एस० या आई०पी०एस० हैं ही नहीं, मिल ही नहीं रहे हैं। पोस्टिंग करनी है लेकिन मिल ही नहीं रहे हैं। पहले जो

बहाली होती थी आई०ए०एस० या आई०पी०एस० में, अब यह भी पता नहीं कि कहां, कौन सा रोग इसको पकड़ गया है कि इसमें निकल ही नहीं रहे हैं पहली पंक्ति में जो आई०ए०एस० या आई०पी०एस० में लड़के आते थे। जिन घरों का रिज़र्वेशन हुआ, जो वंचित लोग हैं, जो गरीब हैं, पिछड़ा वर्ग— भारत में पिछड़े वर्ग का जब अवसर आया तो पता नहीं कैसे करके अभी देखा गया कि रेलवे में नौकरियां खत्म की गईं। मशीनें लगाई गईं कंप्यूटर और हाई-टैक। जिनके आप वोट लेते हैं बताइए कि कितने लोगों को हाई-टैक की जानकारी है? प्रधान मंत्री बोलते हैं कि हमने तरक्की की है, गुड फील फैक्टर और न जाने कौन से फैक्टर बता रहे हैं। लोग आज मारे जा रहे हैं, बिहार के लड़कों को पिटाई हो रही है जो रेलवे की नौकरी के लिए उधर गए। वहां गुवाहाटी में मजदूरों को मारा गया, चारो तरफ पिटाई, उधर महाराष्ट्र में, मुम्बई में, आई०डी०बी०आई० हमारा क्रेडिट डिपॉज़िट, रिसीप्ट, राजकाज, मुम्बई में हम सारी चीज़ वहां खर्च करते हैं लेकिन भारत सरकार के प्रधान मंत्री जी की वजह से, मिस्टर नीतीश कुमार जी की वजह से अब चुनाव आया तो एक-एक लाइन में पचास जगह झंडी हिलाता है, रोज़ हिलाता है। सब जगह कंप्यूटर तो ये क्या काम करेंगे? सारे देश भर की रेलवे की बुकिंग ही करेंगे। ये बुकिंग करेंगे लेकिन किसान की जेब में तो पैसा ही नहीं है। किसान के लिए प्रोक्योरमेंट सेंटर ही नहीं खोला है तुमने। किसान की आमदनी नहीं बढ़ी, गांव में जो असंगठित मज़दूर है, उसको कहां से काम मिलेगा, बताइए। अगर आप किसान को उचित दाम देते, हमारे मॉइश्चर कंटेंट के नाम पर पूरे देश का, आप क्या एक्सपोर्ट कर रहे हैं? हमारा जो बासमती चावल था, इसी को ले जाकर टेक्समती के नाम पर गल्ले को उलटा-पुलटा करके हमारे देश में... इस देश में फल आए, दही आए, दूध आए, मक्खन आए लेकिन लिपस्टिक आ रही है बाहर से? लिपस्टिक काहे को आ रही है? क्या यहां लिपस्टिक बनाने वाले आदमी नहीं हैं? लिपस्टिक पर रोक लगनी चाहिए। अगर हमारे चेहरे खराब हैं तो लिपस्टिक लगाने से और लिपस्टिक अगर छूटी तो पूरा का पूरा चेहरा लगेगा कि चरक हुआ है इसको, यह केमिकल है। फालतू चीज़ है। हमने कहा मट्ठा कोला पियो। मट्ठा कोला पीने के पीछे राज़ था। पशुधन हमारा– सुनिए मंत्री जी – एक गाय और एक भैंस – पूंछकटी भैंस पाल करके हम लोग जिए हैं। हम उसी का मट्ठा खानते थे अनाज के बदले में। तो यह हमारा दूध है और हमारा जो दही है — कभी-कभी इस दिल्ली में बैठे हुए डॉक्टर लोग बहस चला देते हैं कि घी मत खाना। घी खाने से कोलेस्ट्रोल बढ़ता है। फिर वह बोलता है कि घी खाने से ठीक होता है। डालडा खाओ। यह ओलिव ऑयल लेने में आपका कितना रुपया चला जा रहा है? यह ऑयल मलेशिया से, कहां से आता है? यह ओलिव ऑयल जो बच्चे जन्म लेते हैं उनको लगाने के लिए होता है। जब हमारी बेटी पैदा हुई तो लोगों ने बोला कि कडुवा तेल मत लगाओ, ओलिव आयल लगाओ। हमने कहा कि इससे क्या होता है, उन्होंने कहा कि इससे चेहरा खराब हो जाएगा। यह जो हमारा मस्टर्ड ऑयल है, जब बच्चा पैदा होता है तो हम उसके शरीर पर इस तेल को रगड़ते थे और उसकी नाभी में तथा शरीर के अन्य भागों पर लगाते थे। बच्चे की मां उसके शरीर पर इस तेल की पूरी तरह से रगड़ करके मालिश करती थी।

लेकिन अब ओलिव ऑयल आ गया है। लड़के को जरा सा कहीं कट हो जाए तो उसको टेटनस की सुई लगवाते हैं। बाहर से तेल मंगाने में आप देश का कितना पैसा लगा रहे हैं। आप पाश्चात्य देशों का रहन-सहन, खान-पान, ओढ़ना-पहनना आदि में अनुकरण कर रहे हैं। आप तो मंत्री हैं, आपको मालूम नहीं होगा कि मडुवा का आटा होता है। मडुवा जानते हैं, उसको रागी बोलते हैं और कर्नाटक में लोग खाते हैं। जो चीना था, सांवा था, जो दलित अनाज था वह खत्म हो गया है। जो ऊंची जाति का अनाज है उसी को कृषि विभाग वाले लोग लगा रहे हैं। वह अनाज है धान और गेहूं। हर जगह जांत-पांत होती है। अनाज में भी जांत-पांत है। यह जो मक्का है, अब दिल्ली में भी दुकान खुल गई है। हम लोग जो बोलते थे कि आटे का चोकर, जो मटका-मटका है, उसको लाकर लोग खा रहे हैं, बनाकर के खा रहे हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि जो कुम्हार था, लुहार था, बढ़ई था, दस्तकार था, कारीगर था, जो कामकाजी लोग थे, उनके अधिकारों को आपने छीन लिया। जब बिहार और यूपी के लोग दिन में रेलों में भर-भर के मजदूरी के लिए जाते थे। उनसे कहते कि कहां जा रहे हो, तो वे कहते कलकत्ता जा रहे हैं, बंगाल में जा रहे हैं। वहां पर तांत चलाने जा रहे हैं, जूट चलाने जा रहे हैं। आपने इस जूट को बढ़ावा नहीं दिया। उसकी जगह पर पॉलिथीन आ गया है, पॉलिथीन का बैग आ गया है और प्लास्टिक का गिलास। जो हमारे कुम्हार थे, जो हमारे देश में कुम्हारों की जाति की बड़ी भारी संख्या है,

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A. K. PATEL): Please conclude.

**श्री लालू प्रसाद :** हम मंत्री जी को ज्ञान की रोशनी दे रहे हैं तब आप कह रहे हैं कि इन बातों को बंद कर दें। आप बोलिए तो हम बैठ जाते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A. K. PATEL): Try to be brief.

**श्री लालू प्रसाद:** जहां कोई आदमी सुनने को तैयार न हो तो बोलने से कोई फायदा नहीं है। कोई हड़बड़ी तो है नहीं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A. K. PATEL): Try to be brief.

**श्री लालू प्रसाद:** इसी काम के लिए देश की जनता से भी हम सब लोग मिले हैं। मंत्री जी को अगर हम लोग ज्ञान देते तो मैं जानता हूं कि गांव के लोगों की तरह इनकी सोच जरूर है। ये अकेले क्या कर सकते हैं। सब इन्हीं की बात तो नहीं चलती है। तो जो कुम्हार था, लुहार था, बढ़ई था या कारीगर था, इन कलकारखानों में बड़े-बड़े आदमी ले लिए।

**श्रम मंत्री ( श्री साहिब सिंह वर्मा ):** यह तो आप गांव की बात बता रहे हैं। कोई और बात बताइए यह तो मुझे पता है। कोई और नई बात बताओ।

**श्री लालू प्रसाद:** इसी से काम मिलेगा। उसके काम छीन लिए गए। उसके रोजगार छीन लिए गए।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** यह मैं बताऊंगा कि किसने छीने हैं।

**श्री लालू प्रसाद:** इसको आप रिवाइव करते हैं। तो जो गांव में पत्तल बनाने वाले लोग थे उनकी जगह अब दूसरे लोग पत्तल बना रहे हैं। दूसरे लोग थाली बना रहे हैं गांव में जो काम-काजी लोग थे, टोले में जो लोग थे, आज उनके रोजगार थोड़े-थोड़े चल रहे हैं। हम यह नहीं कहते की आपकी वजह से या आपकी सरकार की वजह से। जो विडंबना, जो व्यवस्था हो गई है इस पर हम सबको सोचना पड़ेगा, समझना पड़ेगा। हमने यह मना किया था कि कोका कोला मत पीओ, माठा कोला पीओ। लोग बोलते हैं कि लालू पुराने युग में ले जा रहा है। कोका कोला, पेप्सी कोला में पेस्टी साईड, क्या-क्या मिल गया है सब प्लास्टिक के गिलास में पीओ। गरीब आदमी भी पी रहा है। क्या पी रहा है रे, वह पेप्सी कोला, कोको कोला पी रहा है। उसका पेट गर्म होता है औरा ब्वायलर गर्म हो जाता है, और ऊपर से चिकन और मटन खाकर सबका दिमाग खराब हो जाता है और पैसा खत्म हो जाता है। इससे पेट में गैस होतीहै और गैस के ऊपर गैस। ये जय श्रीराम कहने वाले लोग मुर्गी और मुर्गे का सबसे ज्यादा भोग लगाते हैं। ...(व्यवधान)... इस देश में जो हमारे अक्लियत के जो भाई हैं, बहन हैं उनको अंडा नहीं मिल रहा है, उनको मुर्गा नहीं मिल रहा है। अब कहां मिल रहा है। वे लोग खाते थे। आप लोगों ने जो गंदापन फैलाया कि नहीं खाना चाहिए। यह खास लोगों का खान-पान है। हमारे राज्य में एक मुख्य मंत्री थे बिन्देश्वर दुबे जी। वे स्वर्गीय हो गए। श्री बिन्देसर दुबे जी एक एम०पी०, एक मंत्री के घर पर गए। मुर्गे की टांग बनाई थी, उनको मुख्यमंत्री जी को खुश करने के लिए। एकाएक आदत हो जाती है, खाना चाहिए। अब उन्होंने जैसे ही काटा, एक फोटोग्राफर ने फोटो खींचकर दिखा दिया कि देखो, ब्राह्मण होकर मुर्गा खा रहे हैं। इसके बाद दुबे जी ने कहा कि वे किसी के फंक्शन, पार्टी में नहीं जाएंगे। दुनिया में चारों तरफ, पश्चिमी देशों में प्रचार है कि शाकाहारी बनों, शाकाहारी बनो, मांसाहारी नहीं। दिल्ली में जाकर देखिए,सब अफसर लोग, मंत्री लोगों को जब फोन लगाओं, कहां गये हैं? लंच में गए हैं, डिनर में गए हैं। यह लंच और डिनर, इससे आप बचिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल;** उपसभाध्यक्ष जी, आज्ञा हो तो मैं बोलूं। इनको आज्ञा मिली थी मेरी स्पीच के दौरान।

**श्री लालू प्रसाद:** बोलिए, बोलिए हम आपको सुनेंगे।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** उपसभाध्यक्ष जी, लालू प्रसाद जी बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। हम आशा करते हैं कि उन्होंने बिहार में ऐसे कौन से कदम उठाए जिनसे बेरोजगारी कम हुई, अगर वे यह बताने की कृपा करेंगे तो शायद केन्द्र सरकार उनसे कुछ दिशा-निर्देश पाए।

**श्री लालू प्रसाद:** ठीक हैं, थैंक यू। आपने पुलिस के डी०आई०जी० की हैसियत से गरीबों के बहुत से बच्चों को बर्खास्त किया, हमने वहां बहाल किया। एक, सवा लाख टीचर की बहाली, दरोगा की बहाली। ...(**व्यवधान**)... जरा सुनिए।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** हमने बर्खास्त नहीं किया।

**श्री लालू प्रसाद:** आपने बिहार को ...(व्यवधान)... पहले इनका जवाब दे दें।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** जब वहां रिश्वत देकर भर्ती हुई थी, वे बर्खास्त हुए थे और मैं उस वक्त रिटायर हो चुका था।

**श्री लालू प्रसाद:** आप रिटायर हो गए थे?

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** जी।

**श्री लालू प्रसाद:** अच्छा ठीक है, आप रिटायर हो गए थे तो आपको ईमानदारी के म्युजियम में रखा जाएगा।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** जहां चाहेंगे, वहां आपका साथ दूंगा।

**श्री लालू प्रसाद:** ठीक है। हम लोग फिर मिलेंगे। आपको ईश्वर पुनर्जन्म दे, हम इसकी कामना करते हैं।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** वह नहीं हो पाएगा। मेरा पुनर्जन्म नहीं होने वाला है।

**श्री लालू प्रसाद:** उपसभाध्यक्ष जी। I am not alleging your Government alone. हम सभी लोगों की चिंता और चिंतन इस भयानक समस्या की तरफ जाना चाहिए। नहीं तो यह जो माओवादी लोग हैं, उनका कांसेप्ट है कि गांव से शहर को घेरो। शहर में जो जमा हो रहे हैं, आप बड़े-बड़े फार्म हाउस बना रहे हैं और हमारी ईमानदारी है, केवल भाषण नहीं है कि इस देश में बेराजगारी की जो हालत है, इस पर सर्वदलीय चिंतन और सोच होनी चाहिए। खाली भाषण और यहां कहने से नहीं होगा। मेरी समझ में अगर हमसे चाहिए तो मेरे पास उपाय है।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** बताइए?

**श्री लालू प्रसाद:** मैं ठोप्पा देने के लिए, बाएं हाथ का अंगूठा देने के लिए तैयार हूं। इस देश में, यह जो कृषि प्रधान देश है, इसमें ये जो दौलत पैदा करने वाले असंगठित मजदूर हैं, जो हल चलाने वाले, खुरपी चलाने वाले, मेहनत करने वाले लोग हैं, आइए अगर सभी दलों के लोगों के अंदर ताकत है, डिटरमिनेशन है, संकल्प है तो सबसे पहले आइए हम इसे देश की सारी धरती को, सारी जमीन को, सारी एग्रीकल्चरल लैण्ड को टेक ओवर करें और यह सरकार जमीन का

रीडिस्ट्रिब्यूशन करे। यहां ए लैण्ड टू दि टिलर कीजिए। जो जमीन को जोते, बोये वह जमीन का मालिक होय। लालू यादव चीफ मिनिस्टर रहे, राबड़ी देवी चीफ मिनिस्टर है। हम छह भाई हैं, हमारी जो पैतृक संपति है, उस खेती में हमारा हिस्सा है। हम वहां के भी मालिक है। हम इसके लिए भी यहां से पैसा लेते हैं। अब नहीं रहेगा कोई आदमी, तब पेंशन लेगा। हमारा जो अपर भाई और बहिन है, उसका भी वहीं हिस्सा है, जो हमारा स्टेटस नहीं मिला। इसलिए जो जमीन को जोते, बोये, वह जमीन का मालिक हो। इससे हमारी आधी समस्या का समाधान हो जाएगा। ...(**समय की घंटी**)... बात सुनिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR A.K. PATEL): Your time over.

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** सन् 1947 से यह नारा है।

**श्री लालू प्रसाद:** सुनिए, यह नारा नहीं है। इस पर जब तक आप नहीं करिएगा, हम सब लोग विचार नहीं करेंगे तब तक यह बेमानी है, बिल्कुल बेमानी है। हम जमीनों का रीडिस्ट्रीब्यूशन करें। देश में आप लोगों ने कहा कि जमींदारी का उन्मूलन हुआ। लेकिन जमींदारों को फूलने-फलने का मौका मिला। राम के नाम पर, जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, बगीचे के नाम पर और एब्सेंटी लैण्डलॉर्ड के नाम पर। अगर बिहार की जमीन को बचाना है, यू॰पी॰ के आदमी का नाम, इधर की जमीन पर उधर के आदमी का नाम। यह जो हमारी कृषि है, हमारी खेती है, जमीन है या जो मजदूर मारे-मारे चलते हैं आप जमीन को रीडिस्ट्रीब्यूट कीजिए। जो जमीन पर काम करे, जो खेत में काम करे, वहीं मालिक रहना चाहिए। इससे जार टूटेगा और भाई भी भाई से बेमानी नहीं करेगा।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** लालू जी, हमारे यहां तो जमींदारी एबोलिशन सन् 1950 में हो गया था, आपके वहां अभी तक चल रहा है क्या?

**श्री लालू प्रसाद:** पहले की बात बोल रहे हैं। जो कानून है, कानून की बात, पहले की बात मैं बोल रहा हूं। महोदय, दूसरा मेरा सुझाव है (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (DR A.K. PATEL): The time allotted to you is over.

**श्री लालू प्रसाद:** इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ सम्पत्ति। जिनके घरों में, बैंकों में पैसा है, विदेशों में जिनका पैसा है, जिनका एपॉर्टमेंट और फ्लैट है, ऊपर नीचे की बात छोड़िये, पूरे देश में सर्वे कराइये और उसका इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन होना चाहिए। अन्यथा धरती पर जब तक तूफान रहेगा, बेकारों की जो फौज बढ़ रही है, एक्स्ट्रीमिस्ट बनेगा, जैसे आन्ध्र में पीडब्ल्यूजी है, नक्सलपंथ है, एमसीसी है, इस तरह के लोग बढ़ेंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था चरमरायेगी। इसलिए "सावधान" हो जाइये। यह गोलमोल बात नहीं चलेगी। गुडफील फैक्टर आपके लिए खुशी की बात हो सकती है।

**उपसभाध्यक्ष (डा॰ ए॰के॰ पटेल):** मंत्री जी जवाब दें।...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद:** देश के बेरोजगारों के ऊपर अगर हमारा चिंतन नहीं है तो हमको बहुत बड़ी समस्या से निपटना पड़ेगा। यही मेरा सुझाव है। आप इस पर सोचें। लेकिन अब सोचेंगे कहां? 6 तारीख को लोक सभा भंग हो जाएगी। आयेंगे या नहीं आयेंगे। यह सोचना अब हम लोगों का है। इस पक्ष का है। इसका उपाय हमको तय करना है। आपको खाली भाषण करना है। आप लोग पांच साल तक घंटी बजा कर, राम-रहीम के बंदों में नफरत फैक्टर पैदा करके, देश की सीमा और संसद् को सुरक्षा नहीं प्रदान कर सके। अब आपसे देश की जनता को कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए अब हम लोगों को करना पड़ेगा। इसके लिए हम लोग अपनी तैयारी कर रहे हैं। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (डा॰ ए॰के॰ पटेल):** मंत्री जी।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अभी अनेकों मेरे मित्र सदस्यों ने बहुत अच्छे-अच्छे सुझाव दिए। सुरेश जी ने जो एक अल्पकालिक चर्चा के रूप में एक मामला हमारे सामने रखा, उस पर जीवन राय जी ने, आजाद जी ने, खूंटिया जी ने, मिश्र जी , जोती जी ने, धर्मवीर जी ने, सतीश प्रधान जी ने, बहन सरोज जी ने, सिंहन जी ने, भट्टाचार्य जी ने, शुक्ल जी, लालू जी, अनेकों सदस्यों ने अपने विचार रखे। एक सबसे अच्छी बात, जो प्रारंभ में लालू जी ने कही कि हमें, सबको गंभीरता से इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर बात क्या है। वर्षों बीत गए। कोई बात आज की करता है कि चौराहे पर हजारों आदमी खड़े रहते हैं। मैं तो जब छोटा था जब भी खड़े रहते थे। तो फिर आज भी वहीं बात पैदा हो गई ऐसा तो नहीं है। समस्या बहुत पुरानी है। हां, एक बात जरूर है कि देश की आबादी बढ़ रही है। उसको कंट्रोल करने के प्रयास किए भी गए, लेकिन बहुत ज्यादा हम उसको नियंत्रित नहीं कर पाए। वह भी एक बहुत बड़ा कारण है जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। यह बात सही है, महात्मा गांधी ने जो रास्ता दिखाया था या उन्होंने जो बात कही थी कि हमें किस प्रकार से अपनी कॉटेज इंडस्ट्रीज को, अपनी स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को, अपनी डोमेस्टिक इंडस्ट्रीज को, हाउसहोल्ड इंडस्ट्रीज को, किस तरह से हम उनको आगे बढ़ायें, जिससे बेरोजगारी दूर हो सके और लोगों को काम मिल सके। यह बात सही है कि गांवों के अंदर जब किसान काम करता था तो किसान के साथ बहुत सारे लोग लगे होते थे और उनके यहां अनाज जो पैदा होता था उसका उनको हिस्सा मिलता था। उनको काम भी मिलता था और दूसरी बात, रोटी भी मिलती थी, उस समय जमाने का वह एक सिस्टम था। उसकी तरफ और महात्मा गांधी जी ने जो बात कही थी, उन सब की तरफ देश की आजादी के बाद ठीक तरह से ध्यान नहीं दिया गया। हम दूसरी दिशा में चले। हम पश्चिमी देशों की दिशा में चले। उनकी दिशा में चल करके हम बेरोजगारी को बढ़ाते रहे। गांवों में जो रोज़गार मिलता था वह भी खत्म होता रहा। यह बात तो मैं मानता हूं कि आटोमेशन से बहुत सारे काम कम हुए हैं, लेकिन यह बात भी अपनी जगह सही है कि मैं जब छोटा था, मैं रहट पर

चलता था। लालू जी, अब आप पूरी तरह सुनें। मैं भी सुनता रहा। सुरेश जी और आप, जरा ध्यान से सुनें। मैं जब छोटा था तो खेत में जाता था और काम करता था। स्कूल में पढ़ने भी जाता था। लेकिन सवेरे-शाम जब छुट्टी होती थी, तब रहट चलाने के लिए सारा दिन बैलों के पीछे घूमते रहते थे। वह भी कोई बहुत अच्छी बात नहीं थी कि इस तरह से ही काम किया जाए। वह जरूरी नहीं था। कुछ चीज़ों में ऑटोमेशन बहुत जरूरी था। वह हुआ। हैंडपंप लगे, नलकूप लगे, बिजली आई। बिजली से बहुत सारी सुविधाएं हुईं।

लेकिन फिर भी यह बात सही है कि बहुत सारी चीजें जो घर में हाउस-होल्ड इंडस्ट्री में होती थीं, छोटे-छोटे हमारे काम चलते थे, देश की आजादी के बाद उन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए था, लेकिन वह नहीं दिया गया जिस से रोजगार कम होते चले गए। फिर बड़े उद्योग बने तो उन में कम लोग काम करते थे। आगे ऑटोमेशन आया और दुनिया से डब्ल्यू॰टी॰ओ॰ का एग्रीमेंट हुआ। अब दुनिया में मुकाबला यह होने लगा कि कहां पर कॉस्ट ऑफ प्रोडेक्शन कम है, कहां का माल कहां जा सकता है जहां कि कॉस्ट ऑफ प्रोडेक्शन कम होगा, तो निश्चित रूप से ऑटोमेशन की जरूरत होगी, नई टैक्नॉलोजी की जरूरत होगी। उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे यहां हैंडलूम चलता था, टैक्सटाइल इंडस्ट्री चलती थी जिन के अंदर पुरानी मशीनें चलती थीं। हम उन से दुनिया का मुकाबला नहीं कर पाए। दुनिया में बहुत सस्ता माल मिलने लगा जिससे हमारी बहुत सी टैक्सटाइल इंडस्ट्री, जूट इंडस्ट्री बंद हो गयीं क्योंकि हम उन का मुकाबला नहीं कर पाए। उस के लिए हमें नई टैक्नॉलोजी चाहिए थी। उसमें समय लगा तब हम उन का मुकाबला कर पाए। अब हम कहें कि डब्ल्यू॰टी॰ओ॰ के साथ हम ने एग्रीमेंट क्यों साइन किया, हम कहें कि लिबरलाइजेशन ठीक है, ग्लोबलाइजेशन ठीक नहीं है, प्राइवेटाइजेशन ठीक नहीं है-अगर हम ये बात कहते रहें तो आज जिस दिशा में दुनिया जा रही है, अगर हम दुनिया के साथ नहीं चलेंगे तो भी काम चलने वाला नहीं है। उस की भी आवश्यकता है। हम उस दिशा में भी काम करें। यह बात अपनी जगह सही है कि आज जब सड़कों पर काम होता है, देश में कई नई सड़कें बन रही है और बड़ी-बड़ी मशीनें रख दी गयी हैं। हम ने एक टास्क फोर्स बनायी और उस से कहा कि वह इस की जांच करे कि कौन सी ऐसी चीजें हैं जो कि बिना मशीनों के ठीक उस समय हो सकती हैं। ऐसी स्टडी दुनिया में हुई हैं। अभी हमने आई॰एल॰ओ॰ के साथ इस के ऊपर चर्चा की। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां पर बड़ी मशीनें लगाकर हाथ से काम करने से भी हम उतने समय में काम को पूरा कर सकते हैं। हम उन चीजों का अध्ययन कर रहे हैं। हम उन पर कार्यवाही कर रहे हैं।

महोदय, जब से अटल बिहारी जी प्रधान मंत्री बने हैं, उन्होंने कहा है कि देश के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। लेकिन यहां किसी ने यह नहीं कहा कि हां, उन्होंने रोजगार बढ़ाने की एक बड़ी बात सोची और उस के लिए काम किया, अनेकों कमेटियां बनायीं। उन कमेटियों की रिपोर्ट आई और उन रिपोर्ट के ऊपर हम ने दसवीं पंचवर्षीय योजना को बेस किया। दसवीं पंचवर्षीय

योजना में क्या-क्या चीजें की जाएं जिस से देश में रोजगार बढ़े, इस पर काम किया गया और रोजगार बढ़ा। हम ने उस के आंकड़े भी दिए, लेकिन केवल आंकड़ों से बात नहीं बनती। यह बात सही है और हम इस बात को मानते हैं। आज भी देश में करोड़ों लोग बेरोजगार हैं-किसी को साल में 50 दिन काम मिलता है, किसी को सौ दिन मिलता है, किसी को 30 दिन मिलता है और ऐसे बहुत से लोग हैं जो अंडर एम्प्लाईड हैं। यह चिंतनीय विषय है। यह बात भी अपनी जगह सही है कि हम गांवों के अंदर देखते हैं कि यहां अनेकों ऐसे नौजवान हैं जो पढ़े-लिखे हैं, लेकिन उन के पास रोजगार नहीं है। यह बात बिल्कुल सही है। धर्मवीर जी ने एक बात कही थी कि कैसे कोर्सेस की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। हम ने आई॰टीआईज॰ तो खोल दीं, लेकिन जो कोर्सेस हम ने चलाए वह मार्केट में नहीं चले। मार्किट में जरूरत किसी और चीज की थी, लेकिन वहां कुछ और पैदा हो रहा था। हमारे पास स्किल्ड लोग हैं, लेकिन जिस प्रकार के लोगों की जरूरत थी, उस के मुताबिक हम ट्रेंड नहीं कर पाए। हमारी सरकार आने के बाद हम ने ऐसे 30 कोर्सेस देखे जिन की जरूरत नहीं थी। मैंने भी देखा कि मेरे ड्राइवर ने आई॰टी॰आई॰ से दो साल का फिटर का कोर्स पास किया है, लेकिन वह नौकरी ड्राइवर की कर रहा है। उस को फिटर का काम ही नहीं मिल रहा है। ऐसे 30 कोर्सेस हम ने खत्म किए। मैं एक हॉस्पीटल में गया और पूछा कि यहां हाउस-कीपर कौन है? मैंने यह भी पूछा कि इन्होंने अपने जॉब की कोई ट्रेनिंग की है तो पता चला कि कोई ट्रेनिंग पास नहीं की। वहां ठेकेदार का आदमी हाउस-कीपर की जॉब पर लगा हुआ था। हम ने कॉर्पोरेट हाउस-कीपिंग, डोमेस्टिक हाउस-कीपिंग, हॉस्पीटल हाउस-कीपिंग-अनेक तरह के कोर्सेस चलाए। हमने मार्केट सर्वे कोर्सेस में परिवर्तन किया ताकि अधिक-से-अधिक आउट-पुट हो और क्वालिटी प्रोडक्ट मिले। इस के लिए हम ने काम किया। हम ने इस काम के लिए एक हजार नए आई॰टी॰आईज॰ खोले। फिर उन्हें चाहे इंडस्ट्री वाले खोलना चाहें, चाहे कोई स्कूल या कॉलेज की सेकंड शिफ्ट में खोलना चाहे, हम ने उस को लिबरल किया। हम ने लिबरल एटीट्यूड के साथ स्वीकृति दी। महोदय, ऐसी चीजें जो हाथ से बनती हैं-बीड़ी हाथ से बनती है, माचिस हाथ से बनती है, ऐसी चीजों पर टैक्स में कटौती की। हम ने बहुत से ऐसे काम किए हैं ताकि हाथ के काम को हम महत्व दे सकें और अधिक लोग हाथ का काम करें। जहां तक कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन का सवाल है, हर आदमी यह नहीं देखता है कि...

वह यह नहीं देखता कि इस चीज से रोजगार मिलता है और इसलिए मुझे यह चीज खरीदनी चाहिए, वह तो यह देखता है कि बाजार में यह चीज कितने पैसे में मिलती है, भले ही वह चीज हिन्दुस्तान की बनी हो या चीन की बनी हो। उसकी सोच बहुत ज्यादा रोजगार से नहीं है, उसकी पहली सोच तो यह है कि उसे सस्ती चीज कहां से कौन- सी मिलती है। वह सस्ती चीज को खरीदना चाहता है। इसलिए कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन को कम करने का भी काम करना जरूरी है। यह बात सही है कि जब पूरी दुनिया के अंदर डब्लूटीओ पर सिग्नेचर हुए तो यह बात हुई कि फ्लो ऑफ

कैपिटल और फ्लो ऑफ गुड्स के ऊपर तो परमीशन हुई कि उसके ऊपर कोई रोका-टोकी नहीं होनी चाहिए यानि जहां भी सस्ती चीजें बनती हैं वहां से दूसरे देशों में जा सकें ताकि कन्ज्यूमर को फायदा हो सके, लेकिन इस बात के ऊपर ध्यान नहीं दिया गया कि जब हम फ्लो ऑफ कैपिटल की बात करते हैं, फ्लो ऑफ गुड्स की बात करते हैं तो why we do not talk of flow of labour force. That was not considered.

उपसभाध्यक्ष महोदय, जब मैं जिनेवा में आई॰एल॰ओ॰ की कांफ्रेन्स में गया तो मैंने उस इश्यू को वहां पर उठाया है और इस बात को प्रस्तुत भी किया कि जो डवलपिंग कंट्रीज हैं उनके अंदर जो अनएंपलायमेंट हैं, जहां लेबर फोर्स उनके पास है, वे लेबर फोर्स सस्ती है और दूसरी जगह जाकर काम कर सकती है, तो जैसे दूसरे फ्लो को एलाऊ करते हैं, लेबर फोर्स के फ्लो को एलाऊ क्यों नहीं करते यह एक बहुत बड़ी बात है, जिसके ऊपर सारी दुनिया और खासतौर से डवलपिंग कंट्रीज को तो इस आवाज को उठाना ही चाहिए। हमने इस आवाज को वहां उठाया था और इस बात पर एक बहस भी छिड़ी। वहां पर लोगों ने कहा कि ऐसा होना चाहिए। इसके बाद जब वहां से डीजी हिन्दुस्तान में आए तब भी हमने उनसे कहा कि आपको एक डीजी होने के नाते इस मसले को इंटरनेशनल लेवल पर उठाना चाहिए और इस बात की परमीशन होनी चाहिए। आप देखिए, इंग्लैंड के अंदर जो एक प्लम्बर है वह रोज के दस हजार रुपए लेता है, जबकि हमारे यहां से दस हजार रुपए महीना में एक प्लम्बर मिल सकता है। Why should that plumber not be allowed to go to UK and work there? वह जो फ्लो ऑफ लेबर फोर्स है वह नहीं हो रहा है, जिसकी परमीशन दुनिया के अंदर नहीं मिल रही है, उसकी सेंक्शन नहीं मिल रही है, उसकी ओर हमने ध्यान दिलाया है। इसके साथ ही जो दूसरे काम हमारे यहां हैं, हाऊसेस ऑफ काल सेंटर्स बने या दूसरे ऐसे बने उस पर भी दुनिया में एतराज करते हैं। इसलिए हम चाहेंगे कि डवलप्ड कंट्रीज के जो लोग हैं उनको भी अपनी सोच बदलनी होगी। अगर वे वास्तव में चाहते हैं, एक तरफ कहने की बात अलग है, वास्तव में चाहते हैं तो इस चीज की परमीशन होनी चाहिए। ...(व्यवधान)

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश): सर, आप कह रहे हैं कि हिन्दुस्तान के प्लम्बर को दुनिया के दूसरे देशों में जाने की परमीशन मिले, लेकिन उनको कहां से पासपोर्ट मिलेगा, कहां से बाकी अरेंजमेंट उनके होंगें? हिन्दुस्तान की अपनी एक व्यवस्था है, हिन्दुस्तान के गरीब बेरोजगार नौजवान की अपनी समस्याएं हैं, उनकी अपनी दिक्कतें हैं। ...(व्यवधान)... सिंहल जी, आप भी अगर आदरणीय वर्मा जी की जगह मंत्री होते और आप भी अगर ऐसे बोलते हैं तो हम आपसे भी निवेदन करते कि मेहरबानी करके हिन्दुस्तान की व्यवस्था, हिन्दुस्तान के बेरोजगार नौजवान की समस्या के परिप्रेक्ष्य में बात करें, यह मैं आपसे भी निवेदन करता, जो मैं वर्मा जी से आग्रह कर रहा हूं।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** उपसभाध्यक्ष जी, मुझे पता नहीं कि मैं उन्हें समझा नहीं पाया या वे समझ नहीं पाए। दोनों में कहीं कमी रही है। मैं सिर्फ बात यह कहता हूं कि सारी दुनिया की जो एक ग्लोबलाइजेशन की बात हो रही है, लिबरलाइजेशन की बात हो रही है। ...(**व्यवधान**)

**श्री जीवन राय:** होगा या नहीं? लैंड रिफार्म्स होगा या नहीं? ...(**व्यवधान**) We want a policy declaration.

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** अभी बता रहा हूं, सर। सर, अभी बताऊंगा। ...(**व्यवधान**)... जरा संतोष करो, सब्र करो। संतोष और सब्र भी तो जरूरी है। मैं तो सबेरे से बैठा हूं। अगर आपको जल्दी है तो मैं जल्दी खत्म कर सकता हूं।

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar): Sir, if you may permit, I have just one point to make.

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** सिब्बल जी, मैं बोल रहा हूं।

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, if I may be permitted to speak, the fact of the matter is that in the organized sector, employment has gone down from nine to seven per cent. And in the unorganised sector, there are not enough jobs being generated. So there is growth, but there is jobless growth. Now, we want a specific answer from you. What have you done in terms of concrete steps to increase employment opportunities in the rural sector? That is all that we want to know.

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** उपसभाध्यक्ष जी, माननीय सदस्यों ने जो सवाल उठाए हैं, अगर मैं उनके बारे में चर्चा न करूं तो ठीक नहीं होगा। आप सिर्फ इतना जानना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री कपिल सिब्बल:** सर, प्लीज आप इतना तो बताइए।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** आप इतना ही जानना चाहते हैं, लगता है कि आप बहुत जल्दी में हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Let him complete.

**4.00 P.M.**

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** सर, कोई राइट टू वर्क के बारे में बात करता है, कोई दूसरी बात करता है। एक बात और भी जरूरी होती है कि कहां पर कोई उद्योग स्थापित करना चाहिए या कहां पर किसी प्रकार का कोई इन्वेस्टमेंट करना चाहिए, यह निर्भर करता है कि उस देश के अंदर माहौल किस तरह का है। हमारे यहां एक उग्रवाद का माहौल था, उसको खत्म किया, अब उसमें काफी कमी आई है। एक बड़ी चिंता थी कि देश के अंदर हिन्दुस्तान की पाकिस्तान के

साथ लड़ाई होगी और इस कारण भी फॉरेन इन्वेस्टमेंट नहीं आ रहा था। ...(**व्यवधान**)... अब सिब्बल साहब, इसी तरह से आप गर्दन हिलाते रहेंगे तो बात नहीं बनेगी। मुझे मालूम है आप बहुत विद्वान हैं और आपके पास समय की बहुत कमी है, आपको कई लोगों से जाकर बात करनी होगी। आपका हरेक मिनट बहुत कीमती है मुझे मालूम है, पर जब यहां राज्य सभा के सदस्य बने हैं तो सहन करना पड़ेगा।

SHRI KAPIL SIBAL: The GDP ratio has gone down. ...(*Interruptions*)... He is talking about investment, which has gone down. ...(*Interruptions*)... Investment and GDP ratio have gone down. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): First let him complete, then you raise it. ...(*Interruptions*)...

**श्री सुरेश पचौरी:** आप पेपर चैक कर लें, कहीं गलती से दूसरे पेपर तो नहीं पढ़ रहे।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** मैं बिना पढ़े बता रहा हूं।

**श्री कपिल सिब्बल:** तभी तो प्रॉब्लम है। बिना पढ़े बता रहे हैं इसीलिए ऐसे बता रहे है।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** अगर पेपर पढ़कर बताया और स्टेटिस्टिक्स देने लगा तो फिर आप चौंक जाएंगे।

**श्री सुरेश पचौरी:** अगर गलत आंसर देते हैं तो करेक्ट भी मंत्री को करना होता है और इस सरकार ने अनेकों बार अपने उत्तर करेक्ट किए हैं।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** कोई गलत जवाब मैं नहीं दे रहा। गलत जवाब दूंगा भी नहीं और दे भी नहीं रहा।

**श्री सुरेश पचौरी:** गलत बोल रहे हैं आप।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** क्या गलत बोल रहा हूं।

**श्री सुरेश पचौरी:** आप जी॰ डी॰ पी॰ रेश्यो की बात कर रहे हैं, वह गलत बोल रहे हैं।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** कौन सी जी॰डी॰पी॰ रेश्यो की बात की है? जी॰ डी॰ पी॰ रेश्यो की बात तो मैंने अभी शुरू ही नहीं की है, करने वाला हूं और आप कह रहे हैं कि मैं जी॰डी॰पी॰ रेश्यो की बात कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि एक अच्छा माहौल जो इन्वेस्टमेंट के लिए उद्योग को चाहिए, कहीं और इन्वेस्टमेंट किसी ने करना हो, उसके लिए जो एक अच्छा माहौल चाहिए, वह अच्छा माहौल इस देश में बना है और पिछले एक वर्ष में खास तौर से इसमें काफी इन्वेस्टमेंट लोगों ने की है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री बालकवि बैरागी** (मध्य प्रदेश): यही तो मैं पूछ रहा था। आपको पता है कि सारे संसार में आपका सिर नीचा हुआ है इन्वेस्टमेंट के मामले में और उसके बाद भी आप यहां पर यह बात कह रहे हैं।

**श्री साहिब सिंह वर्मा**: उपसभाध्यक्ष महोदय, सारे देश में एक अच्छा माहौल बना है, सारे देश में उग्रवाद कम हुआ है, देश में शांति है और आपस में सौहार्द है। हिन्दुस्तान की आजादी के बाद से आज तक हिन्दुस्तान के लोगों में आपस में, चाहे वे किसी कम्युनिटी के हों या धर्म के हों, इतना सौहार्द आज से पहले कभी नहीं हुआ, चाहे कोई प्रधानमंत्री रहे हों, चाहे किसी की भी सरकार रही हो। सबसे ज्यादा सौहार्द आज की तारीख में हैं। ऐसा एक माहौल बना है और वर्षभर में ...(**व्यवधान**)...

شری خان غفران زاہدی: آپ ہی کے دور میں اتنے ہنگامے ہوئے ہیں، اتنا خون بہا ہے، اتنی بربادی ہوئی ہے اور آپ کہہ رہے ہیں کہ سوہارد کا ماحول ہے ---- مداخلت ----

†**श्री खान गुफरान जाहिदी**: आप ही के दौर में इतने हंगामें हुए हैं, इतना खून बहा है, इतनी बर्बादी हुई है और आप कह रहे है कि सौहार्द का माहौल है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल**: प्रधान मंत्री को वहां इलेक्शन लड़ने के लिए आप कह रहे है कि माहौल नहीं बना। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Dont' disturb him off and on.

**श्री साहिब सिंह वर्मा**: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस देश की दिशा के बारे में लालू जी जो बात कह रहे थे और कई और माननीय सदस्यों ने जो बात कही कि जो पुराना काम होना चाहिए था, जो महात्मा गांधी का बताया हुआ रास्ता था, अगर महात्मा गांधी के उस बताए हुए रास्ते और महात्मा गांधी उस विचारधारा के साथ किसी ने * किया है तो वह कांग्रेस पार्टी है, जिसके लोग यहां

*Expunged as ordered by the chair.

†Transliteration of Urdu Script.

सामने बैठे हैं, इन्होंने* किया महात्मा गांधी के साथ। महात्मा गांधी की एक भी नीति को इन्होंने माना नहीं, महात्मा गांधी की किसी नीति को इन्होंने माना नहीं। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): He is not yielding. ...(*Interruptions*)...

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** महात्मा गांधी चाहते थे कि कॉटेज इंडस्ट्री चलें, महात्मा गांधी चाहते थे कि हाऊस होल्ड इंडस्ट्री चलें। अगर कॉटेज इंडस्ट्री को और हाउस होल्ड इंडस्ट्री को ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Please don't disturb him. ...(*Interruptions*)...

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** अगर कॉटेज इंडस्ट्री को और हाऊस होल्ड इंडस्ट्री को कोई खत्म करने वाला है तो ये कांग्रेस के लोग हैं जो सामने बैठे हैं और ये लोग हैं जिन्होंने महात्मा गांधी की किसी बात को माना नहीं और उससे बढ़ा अनइम्प्लाम्यमेंट। ...( व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Please don't disturb him. Let him complete the speech. ...*(Interruptions)*...

†شری خان غفران زاہدی: یہ سدن کو گمراہ کر رہے ہیں۔۔۔۔۔مداخلت۔۔۔۔۔

†**श्री खान गुफरान जाहिदी:** ये सदन को गुमराह कर रहे हैं। ...(व्यवधान)...

**श्री बालकवि बैरागी:** उपसभाध्यक्ष महोदय, हमें मंत्री जी के इस वक्तव्य पर घनघोर आपत्ति है। ...(व्यवधान)... आपत्तिजनक वक्तव्य दिया जा रहा है। ...(व्यवधान)...

THE VICE CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): आप क्या बात कर रहे हैं। ...(व्यवधान)... पहले सुनिए तो। ...(व्यवधान)... Please take your seat. He is not yielding. ...(*Interruption*)...

**श्री बालकवि बैरागी** (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह अत्यंत आपत्तिजनक वक्तव्य है।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** कोई आपत्तिजनक वक्तव्य नहीं है, कोई गलत बात नहीं है, इसमें यह सच्चाई है। ...(व्यवधान)... कॉटेज इंडस्ट्रीज को, हाउस होल्ड इंडस्ट्रीज को, डोमेस्टिक इंडस्ट्रीज को आपने खत्म किया, आप जिम्मेवार हैं इनको खत्म करने के लिए। ...(व्यवधान)...

---

*Expunged as ordered by the chair.

†Transliteration of Urdu Script.

شری خان غفران زاہدی: یہ سدن کو گمراہ کر رہے ہیں۔۔۔مداخلت۔۔۔

†श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: ये सदन को गुमराह कर रहे हैं। ...(व्यवधान)...

**श्री बालकवि बैरागी:** जिन्होंने गांधी* वे हमसे पूछना चाहते हैं। ...(व्यवधान)... यह अत्यंत आपत्तिजनक वक्तव्य है। ...(व्यवधान)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** किसने महात्मा गांधी * ...(व्यवधान)...

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** कोई आपत्तिजनक वक्तव्य नहीं है, यह सच्चाई है। ...(व्यवधान)...

**श्री सुरेश पचौरी:** अपने दायरे के भीतर बात करिए। ...(व्यवधान)...

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** आप जिम्मेवार हैं। ...(व्यवधान)...

شری خان غفران زاہدی: آپ کے زمانے میں چھوٹے پیمانے کی انڈسٹریز ختم ہو گئیں۔۔۔مداخلت۔۔۔

†श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: आपके जमाने में हजारों स्माल स्केल इंडस्ट्रीज़ खत्म हो गईं। ...(व्यवधान)...

**श्री बालकवि बैरागी:** गांधी के* ...(व्यवधान)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** किसने महात्मा गांधी की * ...(व्यवधान)... आप किसे कह रहे हैं, किन हालात में कह रहे हैं। ...(व्यवधान)...

**श्री जीवन राय:** लैंड रिफार्म होगा कि नहीं, पब्लिक इन्वेस्टमेंट होगा कि नहीं, सबके लिए नौकरी मिलेगी या नहीं, असल बात बता दीजिए। ...(व्यवधान)... सबके लिए नौकरी चाहिए, होगी कि नहीं। ...(व्यवधान)...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): He should be allowed to complete. ...(*Interruptions*)...

---

*Expunged as ordered by the Chair.
†Transliteration of Urdu script.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. Patel): Please take your seat. ... *(Interruptions)* ...

**श्री बालकवि बैरागी:** आपकी बात बता रहा हूं। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. Patel): आप बैठ जाइए, Please take your seat ... *(Interruptions)*...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** किस आधार पर कह रहे हो * किन हालात में कह रहे हो। वापिस लीजिए अपने शब्दों को। ...(व्यवधान)...

**एक माननीय सदस्य:** बैरागी जी अपने शब्दों को वापिस लें, इन्होंने हमको * गांधी जी का। ...(व्यवधान)...

**(उपसभापति पीठासीन हुईं)**

**उपसभापति:** क्या झगड़ा हो रहा है ...(व्यवधान) एक मिनट, शांति, शांति ...(व्यवधान)... अभी झगड़ा नहीं ....(व्यवधान) एक मिनट बैठिए। मेरी समझ में नहीं आ रहा है, I cannot understand. Everybody, please sit down मंत्री जी बोल रहे हैं तो बोलने दीजिए उनको। क्या हुआ?

**श्री बालकवि बैरागी:** क्या हमको बोलने का अधिकार नहीं है ...(व्यवधान)

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल:** हम नहीं बरदाश्त कर सकते ...(व्यवधान)

**उपसभापति:** बैठ जाइए, सिंहल साहब, बैठिए ना ...(व्यवधान) मंत्री जी को जवाब देने दीजिए ...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): Madam, I have to make only one request. Madam, exchange of words is something quite natural in Parliament. But, to say that someone is * is something...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Who said it?

SHRI B.P. SINGHAL: Mr. Bairagi.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Madam, I request that these words should not go on record.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It won't go on record.

---

*Expunged as ordered by the Chair.

**श्री बालकवि बैरागी:** उससे पहले वाला वाक्य भी पूछ लीजिएगा आप इनसे ...(व्यवधान)... अत्यंत आपत्तिजनक है ...**(व्यवधान)**

**उपसभापति:** जी, मैं रिकॉर्ड देख लूंगी ...**(व्यवधान)** मैं रिकॉर्ड देख लूंगी, उसके बाद बताऊंगी। अभी मैं कुछ नहीं कह सकती, मैंने सुना नहीं...**(व्यवधान)**

**श्री बालकवि बैरागी:** इनका रिकॉर्ड भी आप देख लें कि ये क्या बोल रहे हैं। इनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। ये तो यों मान रहे हैं जैसे दिल्ली की किसी ग्राम सभा में भाषण दे रहे हों ...**(व्यवधान)**

**उपसभापति:** मैं सब रिकॉर्ड देख लूंगी ...**(व्यवधान)**

**श्री बालकवि बैरागी:** माननीय श्रम मंत्री जी, बहुत जिम्मेदारी से बोलिए आप ...(व्यवधान)

**उपसभापति:** मेरी समस्या का आप समाधान करिए और वह आपकी भी समस्या है। समस्या यह है कि यह डिबेट आज खत्म होनी है और उसके बाद रेलवे बजट शुरू होगा। मंत्री जी, एक मिनट, जरा मैं हाउस को कान्फिडेंस में ले लूं, उसके बाद आप बोल दीजिएगा। इस डिबेट के बाद 4 घंटे हमने रेलवे बजट के लिए दिए हैं और 6 घंटे जनरल बजट यानी वोट ऑन एकाउंट के लिए दिए हैं। यानी कुल मिलाकर 10 घंटे हुए। हम लोगों को सुकून से काम करना है। It is our compulsion. Now, in that light, I think, under our own requirement, I will request everybody to peacefully listen to each other, because I have said umpteen times that none of the Members, in this House of 244, is going to make such a speech as will be acceptable to everybody. So, in the spirit of democracy, let us be more patient and accept whatever everybody says. Now, you take it either with a pinch of salt, or, with a pinch of sugar. If you take it with tolerance, things will be all right. मंत्री जी, आप अपना भाषण दीजिए।

SHRI JIBON ROY: But, Madam, ...

**उपसभापति:** उसमें but कहां से आ गया? मैंने कोई बुरी बात नहीं कही कि उसमें but आ जाए। अभी बैठिए आप...**(व्यवधान)**।

SHRI JIBON ROY: Nowadays, Madam, ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I don't want to hear you just now.

SHRI JIBON ROY: Madam, what wrong have I done that you do not want to hear me?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Nothing, the only wrong you have done is that you are speaking at the wrong time. That is wrong; nothing else.

SHRI JIBON ROY: The thing is that the hon. Minister should also take us into confidence on this very important issue. It is a matter of

unemployment. When the hon. Minister is addressing the issue, he should talk about the basic problem and also answer as to how to come out of that. But, he is teaching us on globalisation. We have read little bit about globalisation. We want to know whether the Government is going to solve the problem of unemployment. What are the measures that Government propose to take?

THE DEPUTY CHARIMAN: Mr. Jibon Roy, you made an excellent speech. You spoke on the problem of unemployment. But, let him answer and let me see what his answer is...*(Interruptions)* मुझे तो सुनने दीजिए। मुझे पता ही नहीं है। अभी आप बैठिए।

**شری خان غفران زاہدی:** میڈم، آپ نے ہاؤس کو کونفیڈینس میں لیا، ہمیں بڑی خوشی ہے۔ آپ نے بہت اچھی باتے کہی اور ہم اسکے لئے تیار ہیں۔ لیکن منتری جی یہ کہہ رہے ہیں کہ انڈسٹری بہت اچھی چل رہی ہے اور 13 لاکھ چھوٹی چھوٹی انڈسٹریز جو بند ہوگئی، ان کا یہ ذکر نہ کریں تو جواب کیسے پورا ہوگا؟ ابھی یہاں بیروزگاری کا ذکر ہو رہا ہے اور یہ ان چھوٹی چھوٹی انڈسٹریز کی بات ہی نہیں کر رہے ہیں ----- مداخلت -----

†**श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी:** मैडम, आपने हाउस को कान्फिडेंस में लिया है, हमें बड़ी खुशी है। आपने बहुत अच्छी बात कही और हम इसके लिए तैयार हैं। लेकिन मंत्री जी यह कह रहे हैं कि इंडस्ट्री बहुत अच्छी चल रही है और 13 लाख छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज़ जो बंद हो गईं, उनका ये जिक्र न करें तो जवाब कैसे पूरा होगा? अभी यहां बेरोजगारी का जिक्र हो रहा है और ये इन छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज़ की बात ही नहीं कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**

**उपसभापति:** अभी वह जवाब तो दे दें, अभी जवाब कंप्लीट थोड़े ही हुआ है। बोलिए मंत्री जी ...**(व्यवधान)** अभी शांति से सुनिए। शांति, शांति ...**(व्यवधान)**

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** महोदया, जितनी बातें यहां पर हुई हैं, मैं समझता हूं कि उनके बारे में जवाब देना उचित है और उसके अलावा मैं कुछ नहीं कर रहा हूं। अभी लालू जी यहां पर 25-30 मिनट तक बोलते रहे एक ही बात पर कि हमारे घरेलू उद्योग खत्म कर दिए, हमारी जो पुरानी व्यवस्था थी, वह खत्म कर दी, अगर वह होती तो ठीक होता। मैं उसी का जवाब यह दे रहा था कि महात्मा गांधी जी ने जो विचार इस देश को दिया कि हम कॉटेज इण्डस्ट्री चलाएं, हाउस होल्ड इंडस्ट्री चलाएं, छोटे-छोटे उद्योग-धंधे हम चलाएं जिससे गांवों में सभी जगहों पर लोगों को रोजगार

†Transliteration of Urdu script.

मिले। अगर वह चला होता तो लोगों को रोजगार मिल गया होता। आबादी बहुत बहुत बढ़ी है। लेकिन फिर भी लोगों को कुछ न कुछ रोजगार दे सकते थे, वह नहीं किया और वह नहीं किया तो उसमें आजादी के बाद जिन लोगों ने इस देश पर राज किया उनको उसी समय इसके ऊपर बल देना चाहिए था, वह नहीं दिया और उसके लिए अगर सबसे बड़ा दोषी है। तो मेरे सामने जो लोग बैठे हैं, ये दोषी हैं उनकी जो पार्टी रही, इनकी जो सत्ता रही है ये दोषी हैं। अब इसमें इनको क्यों आपत्ति होनी चाहिए। ...(व्यवधान) आप रिकार्ड को देखिए, ऐसे बड़े-बड़े विद्वान लोग है यहां पर ...(व्यवधान)

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल (राजस्थान):** अभी बैक लॉग नहीं भरा है ...(व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, please Please. बैठ जाइए। आप बैठिए। ...(व्यवधान)

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंघल:** पिछले 50 साल से यें बेरोजगार पड़े हुए है।...(व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. बैठिए।

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** वे दोषी हैं इसलिए वहां बैठे हैं। नहीं तो फिर आपको भी यहां बैठना पड़ेगा।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** हां, यह ठीक है।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंघल:** आपकी भी सरकार तो कुछ नहीं कर पाई। ...(व्यवधान)

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** अब तक आपने क्या किया है वह बताइए। ...(व्यवधान)

**उपसभापति:** अभी बैठिए न। अभी तो जो जहां बैठा है वहीं से बोलेगा। बोलिए।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** माननीय उपसभापति महोदया जी, आपने बार-बार एक बात कही, जो जीवन राय साहब एक बात कर रहे हैं। उन्होंने राइट-टु-वर्क की बात बताई। उसके बारे में कि लोगों को यदि आप काम नहीं दे सकते तो भत्ता देना चाहिए। अनेक बार जब से देश आजाद हुआ यह विषय उठता रहा, अनेक लोगों ने यहां पर राज किया और अनेक लोगों ने इसको करने की कोशिश की। लेकिन किसी न किसी कारण से और खास तौर से कारण यह रहा कि देश के पास इतने साधन नहीं हैं, देश के पास इतना पैसा नहीं होता कि जितने कि अनइम्पालाइड है सब लोगों को हम कुछ दे सकें। हां, इस सरकार ने अभी कुछ दिन पहले जो असंगठित क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग काम करते हैं। इस देश में चालिस करोड़ वर्क फोर्स है उस चालिस करोड़ वर्क फोर्स में से करीब-करीब 36 करोड़ असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, अन-आर्गनाइज्ड सैक्टर में काम करते हैं, देश की आजादी के बाद इतनी सरकारें आईं लेकिन कभी भी किसी ने उस अन-आर्गनाइज्ड सैक्टर के लोगों को सोशल सिक्योरिटी देने की बात नहीं की, हमने पहली बार अब देश के

50 जिलों के अभी 31 मार्च से 10 लाख लोगों को और जितने भी लोग इसके बाद आएंगे हम करेंगे, हमने उसको शुरू किया है। जितने भी लोग उसके अंदर शामिल होंगे, जो भी सदस्य बनना चाहेगा, आप एक करोड़ को बनाना चाहें तो एक करोड़ को दे देंगे। ...(व्यवधान) मैं वहीं बतला रहा था।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please, I am not allowing you. Don't answer. You keep on speaking. Anything said without my permission will got on record. It is not going on record. Please, sit down. I said, please sit down. Kapilji, please sit down. (*Interruptions*) कपिल जी, आज बैठिए। Please sit down. I said, please sit down. I am saying one thing. Even in a school, if there is a debate, people have patience to listen. This is not the way. You are all senior Members of the House, so please don't behave like this. Let him finish. I am sure you are not going to like his speech and so you don't want to listen to it. But, at least, I want to listen. *(Interruptions)*

SHRI JIBON ROY: Madam, this debate is about the unemployment problem.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know it.

SHRI JIBON ROY: But, Madam, he is talking about the employed persons.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay, let him speak. बोलिए।

श्री साहिब सिंह वर्मा: पहली बार असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों का ...(व्यवधान)

SHRI JIBON ROY: Madam, he is again talking about the employed persons.

उपसभापति: बोलिए। ...(व्यवधान) अब आप लोग क्रास टॉक मत कीजिए। अहलुवालिया जी, आप भी मत बोलिए। ...(व्यवधान)

श्री सुरेश पचौरी: मैडम, साफ बात यह है कि ...(व्यवधान)

श्री साहिब सिंह वर्मा: आपकी जानकारी के लिए मै बताना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

श्री सुरेश पचौरी: आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने एक वर्ष में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही है। तीन कमेटी बनी। एक अहलुवालिया जी की कमेटी ...(व्यवधान)

उपसभापति: आप बोलिए। ...(व्यवधान)

**श्री सुरेश पचौरी:** .एक अहलुवालिया जी की कमेटी बनी और उसके सुझावों को नजरअंदाज कर दिया गया...(**व्यवधान**) दूसरी एस.पी. गुप्ता की कमेटी बनी, उसके सुझावों को नजरअंदाज किया जा रहा है और ...(**व्यवधान**)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** .अब ये किस हैसियत से बोल रहे है?...(**व्यवधान**)

**उपसभापति:** .आप बोलिए। आप बोलिए ...(**व्यवधान**)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** आप सुन तो लीजिए। Let me finish ...(**व्यवधान**) मुझे पहले अपनी बात कह लेने दीजिए। ...(**व्यवधान**)

**उपसभापति:** सुरेश जी, बात सुन लीजिए ...(**व्यवधान**)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** मेरी बात खत्म होने से पहले ...(**व्यवधान**) हमारी बात खत्म नहीं हुई है ...(**व्यवधान**)... हम कह रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** आप बोलिए ...(**व्यवधान**)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** मेरी बात सुनिये। मैं आपको सारी बातें बताने वाला हूं। आप सुनिये तो सही। आप सुनना नहीं चाहते है...(**व्यवधान**)

**उपसभापति:** आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** मै बताऊंगा कि प्रधान मंत्री ने किस तरह से टेन मिलियन लोगों को जॉब देने की बात कही। ....(**व्यवधान**)

**श्री सुरेश पचौरी:** यह सरकार निकम्मी है महोदया। ...(**व्यवधान**)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** मैं आपको बताना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने टैन मिलियन लोगों को जॉब देने की बात कही थी उसके बारे में मैं डिटेल में बताना चाहता हूं । माननीय उपसभापति जी, एक हमारी एस.पी. गुप्ता की कमेटी बनी थी। ...(**व्यवधान**)

**THE DEPUTY CHAIRMAN:** I am not allowing anyone and nothing will go on record. ...(**व्यवधान**)

*(At this stage some hon. Members left the Chamber)*

**श्री एस. एस. अहलुवालिया (झारखंड):** मैडम, सोर्स आफ इन्फारमेशन क्या है? सरकारी आंकडे। सरकारी आंकड़ो को नहीं मानकर खाली आरोप और प्रत्यारोप करके सदन छोड़कर बाहर चले जाना और इस तरह से सदन...(व्यवधान)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** माननीय उपसभापति जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो टेन मिलियन जॉब क्रिएट करने की बात कही थी। ...(व्यवधान)

**उपसभापति:** आप बोलिए। आप बोलिए। ....(व्यवधान)

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो बात कही थी। जब हमारे पास 2002-2003 में यह 4.3 परसेंट ग्रोथ रेट था, उसके परिणामस्वरूप हमने 40 लाख लोगों का रोजगार क्रिएट किया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हमने अलग से 2.77 लाख लोगों को रोजगार दिया। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में 4.83 को दिया, प्रधान मंत्री रोजगार योजना में तीन लाख को दिया, ग्राम रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंदर 1.6 को दिया, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अंदर 3.2 को दिया, सर्वशिक्षा अभियान में हमने पाइंट 29 लाख को दिया, जल संबर विकास में हमने 1.77 को दिया, ग्राम आवास में 3.20 को दिया, सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में 19.68 को दिया और स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना में 0.05 को दिया और कुल मिलाकर के इस तरह से हमने 80.39 लाख लोगों को एक साल में रोजगार दिया। यही केवल बात नहीं है।

अभी मैं दूसरी बात आपको और बताना चाहता हूं। अभी हमारे प्रावीडेंट फंड के आंकडे आये हैं। प्रोवीडेंट फंड के अंदर अगर रोजगार बढ़ा नहीं होता तो हमारे मेम्बर्स की संख्या कैसे बढ़ती? मैं आपको बताना चाहता हूं। वर्ष 1998-99 के अंदर हमारे प्रावीडेंट फंड के 2 करोड़ 31 लाख सदस्य थे और 1999-2000 में 2 करोड़ 45 हजार, 2001 के अंदर 2 करोड़ 63 लाख और 2001-2002 में 2 करोड़ 74 लाख और 2002-2003 में 3 करोड़ 94 लाख। अगर ये आंकड़े बढ़े हैं, हमारे ईपीएफ के सदस्य बढ़े हैं तो ये बिना रोजगार के नहीं बढ़ सकते, अगर रोजगार घटा होता तो यह आंकड़े बढ़ते नहीं और इसी तरह से, जो लंदन स्कूल ऑफ बिजनेस की रिपोर्ट है, जिसके बारे में अभी बताया है। उसमें बताया गया है कि किस तरह से रोजगार के अवसर बढ़े है। कितनी और चीजें हैं, तो अभी एस॰ पी॰ गुप्ता कमेटी ने बताई हैं। उन्होंने कहा है कि अगर इन क्षेत्रों में काम किया जायेगा, अगर हम काम करेंगे ट्रेड के होटल और रेस्टोरेंट के लिए, ट्रांसपोर्ट के लिए, कम्युनिकेशन के लिए, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स के लिए, रियल एस्टेट और बिजनेस के लिए और कमोडिटी सर्विसेज और देंगे, जो हमने टेंथ फाइव प्लान में सारी चीजें दी हैं, मैं उसी में से ये बता रहा हूं। मैं टेंथ फाइव ईयर प्लान में से बोलकर बता रहा हूं - सोशल और पर्सनल सर्विसेज में, सम्पूर्ण ग्राम रोजगार योजना में, स्वर्ण जयंती में, प्रधान मंत्री रोजगार योजना में और इन सब के अंदर अगर हम काम करेंगे तो निश्चित रूप से रोजगार बढ़ेगा। प्रधान मंत्री जी ने जो टेन मिलियन रोजगार देने की बात कही थी वह बात पूरी होगी।

मैं देश के लोगों को इस बात के लिए आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह सरकार चाहती है कि देश में कोई भूखा नहीं रहे। देश में सबको रोजगार मिले, संगठित क्षेत्र के लोगों को भी और

सामाजिक सुरक्षा मिले। असंगठित क्षेत्र के लोग भी सामाजिक सुरक्षा से पीछे न रहें। उसमें लगभग एक रुपया रोज केन्द्रीय सरकार की तरफ से उनकी सोशल सेक्योरिटी में जा रहा है जो पहली बार देश में हुआ है जो पहले कभी नहीं हुआ। अब क्योंकि हमारी अधिकतर जॉब क्रिएट हो रही हैं वह अन-आर्गनाइज्ड सेक्टर में हो रही हैं इसलिए उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा देना बहुत जरूरी है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने एक बहुत बड़ी बात कही थी और जिसको पूरा करने के लिए रात-दिन वे चिंतित हैं और उस पर काम कर रहे हैं। हमारी टैंथ फाइव ईयर प्लान उस पर पूरी तरह से आधारित है। टैंथ फावइ ईयर प्लान के जो रिजल्ट हमारे सामने आ रहे हैं, उससे हमारा जो टेन मिलियन जॉब का जो सपना था वह साकार हो रहा है। अब जिस प्रकार का माहौल पूरे देश में है, उग्रवाद कम हुआ है, सरकार की स्टेबिलिटी को देख कर के पूरे देश का वातावरण देख कर के, लोगों का आपसी सौहार्द देख कर के उससे जो एक वातावरण बना है, बहुत सारे बाहर दुनिया के लोग भी और उस देश के लोग भी, जो हमारे एनआरआईज़ हैं वे भी अधिक से अधिक इसमें इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं और उससे अधिक से अधिक जॉब क्रिएट होंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। यही कहकर मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

**श्री शंकर राय चौधरी (पश्चिमी बंगाल):** मैडम, मैं माननीय मंत्री जी से आपकी इजाजत से एक सवाल पूछना चाहता हूं।

**उपसभापतिः** अभी मुझे रेलवे शुरू कराना है।

**श्री शंकर राय चौधरी:** मैडम, मैं आपकी इजाजत से ही सवाल पूछना चाहता हूं। मंत्री जी, मेरा आपसे एक सवाल है। टेन मिलियन, एक करोड़ जो नौकरी बननी थीं उसमें आपने जो आंकड़े दिये, हिसाब दिये, उससे तकरीबन एक मिलियन आई थिंक 80 लाख।

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** लास्ट ईयर का?

**श्री शंकर राय चौधरी:** मैं सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि आपके पास कोई हिसाब है या इसके बारे में कोई जानकारी है कि जो नौकरियां मौजूद की गयीं क्या उनसे ये लोग पावर्टी लाइन के नीचे रह रहे हैं या ऊपर रह रहे हैं? इस पर वे लोग अपना गुजारा कर सकते हैं या नहीं?

**श्री साहिब सिंह वर्मा:** बिलो पॉवर्टी लाइन पहले 36 परसेंट लोग थे, अब वे 26 परसेंट रह गये हैं। 10 परसेंट बिलो पॉवर्टी लाइन इस दौरान कम हुए हैं। यह इस बात का द्योतक है कि जो लोगों को जॉब्स मिल रहे हैं, उनसे उनकी आमदनी बढ़ रही है। मैं एक और बात आपसे कहना चाहता हूं और माननीय सदस्य को सूचित करना चाहता हूं कि प्लानिंग कमीशन के जब सारे आंकड़े आए थे, उसके बाद मैंने-जितने विभाग हैं, इनके जितने भी सैक्रेटरीज़ हैं या दूसरे अधिकारी हैं-उनकी बैठक बुलाई थी और एक-एक से पूछा था कि आप बताइए कि आपने कहां-कहां जॉब्स क्रिएट किए हैं।

हमारी जो प्लानिंग कमीशन की फिगर्स तो 80 लाख की थी, उनसे बातचीत करने के बाद पता चला कि करीब 9 million jobs were created in 2002-03.

**श्री सतीश प्रधान:** मैडम...

**उपसभापति:** अब सवाल जवाब नहीं होंगे। अब रेलवे आ रहा है। बस अभी बैठिए।

**श्री सतीश प्रधान:** एक छोटा सा सवाल है।

**उपसभापति:** अभी सवाल जवाब नहीं करिए। आप उनको चिट्ठी लिख दीजिए।

**श्री सतीश प्रधान:** मैं सवाल जवाब नहीं करना चाहता हूं लेकिन मुझे जानकारी तो लेने दीजिए। बहुत छोटी सी जानकारी लेनी है। ...(**व्यवधान**)... यह आवश्यक है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take the Railways Budget. अभी मैंने आपसे इतनी रिक्वेस्ट की। It is our problem. ...(**व्यवधान**)...

**श्री खान गुफरान ज़ाहिदी:** रेल चलेगी।

**उपसभापति:** अभी बैठिए। अब बाहर से तकरीर करते हुए मत आइए। सुरेश पचौरी जी का टाइम है। चलिए सुरेश पचौरी जी, बोलिए।

---

## THE INTERIM BUDGET (RAILWAYS), 2004-2005

**श्री सुरेश पचौरी** (मध्य प्रदेश)**:** आदरणीय उपसभापति महोदया, माननीय मंत्री जी ने जो रेल बजट प्रस्तुत किया है, उसके सिलसिले में मैं कुछ बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। दरअसल यह इंटेरिम रेल बजट है। कोई इसको कहता है कि यह फील गुड रेल बजट है। कोई कह रहा है कि यह फील चुनाव रेल बजट है, कोई कह रहा है कि यह वोट लुटाओ दस्तावेज है।

**कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संघ प्रिय गौतम):** आप क्या कह रहे हो?

**उपसभापति:** अब कृपया कोई कमेंट नहीं होगा। चाहे मंत्री हो, चाहे एमपी हो। Nobody is going to have a running commentary. Let only the train run.

**श्री सुरेश पचौरी:** लेकिन मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि यह केवल घोषणाओं का अम्बार है।

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल** (उत्तर प्रदेश)**:** आपको तकलीफ हो रही है?

**उपसभापति:** बीच में नहीं बोलए। कोई नहीं बोलेगा।...(**व्यवधान**)... चलिए आप बोलते रहिए। इधर-उधर मत देखिए। खाली मेरी तरफ देखिए।